CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 203 | राजनांदगांव, बुधवार 11 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## पंचतत्व में विलीन हुए बलिदान एएसपी आकाश राव गिरपूंजेः बेटे ने दी मुखाग्नि; रोते हुए पत्नी ने किया सैल्यूट



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोन्टा-एर्राबोरा मार्ग पर नक्सलियों के बिछाये आईईडी की चपेट में आकर कोंटा एएसपी आकाश राव गिरपून्जे बलिदान हो गये। आज मंगलवार को रायपुर के महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गये।

उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान रोते हुए पत्नी ने उन्हें सैल्यूट किया। नम आंखों से पिता ने अंतिम सलामी दी। परिजन, शहरवासी, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। पुलिस जवानों ने अंतिम संस्कार से पहले माना स्थित चौथी बटालियन और महादेवघाट मुक्तिधाम में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। सीएम विष्णुदेव साय ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुलिस फोर्स ने उन्हें अंतिम सलामी दी। मुख्यमंत्री ने गिरपुंजे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट कीं और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इसके पूर्व कुशालपुर स्थित उनके निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान ÷जब तक सूरज चांद रहेगा, आकाश तेरा नाम रहेगा÷ के नारे लगते रहे। बाइक, कार आदि वाहनों पर सवार होकर लोग माना स्थित चौथी बटालिन पहुंचे। यहां बलिदान एएसपी को गॉर्ड ऑनर दिया गया। सीएम साय ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। पुलिस फोर्स ने उन्हें अंतिम सलामी दी। उनकी यात्रा में रायपुर कलेक्टर, निगम आयुक्त, सीईओ जिला पंचायत सहित जिला अधिकारी, परिजन, शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। निवास पर रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे।

अंतिम विदाई देने के लिये लोग बाइक, कार आदि वाहनों से महादेवघाट पहुंचे। यहां पर बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। लोग आकाश राव अमर रहे के नारे लगाते रहे। एएसपी आकाश राव गिरपून्जे रायपुर के रहने वाले थे। वे साल 2013 बैच के सीधी भर्ती डीएसपी थे। वे वर्ष 2024 से कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वे रायपुर और महासमुंद में भी सेवायें दी थी। उनका परिवार रायपुर में ही रहता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को दी श्रद्धांजलि, पार्थिव शरीर को कंधा देकर दी अंतिम विदाई



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद श्री गिरपुंजे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लगातार हो रही सुरक्षाबलों की सफल कार्रवाइयों से नक्सली बौखलाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहीद श्री गिरपुंजे की वीरता और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरन्दर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, शहीद के परिजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## कर्नाटक हाईकोर्ट से आरसीबी को झटका, मार्केटिंग हेड निखिल सोसले को जमानत देने से इनकार

नईदिल्ली। कर्नाटक हाई कोर्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले को भगदड़ मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। 4 जून को हुई इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए 11 जून तक फैसला सुरक्षित रख लिया है।



बेंगलुरु भगदड़ केसः

निखिल सोसले को 6 जून की सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह दुबई के लिए रवाना हो रहे थे। उनकी गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने पुलिस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव में लिया गया कदम बताया।

### सोसले के वकील ने क्या कहा?

सोसले के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता एस. चौटा ने न्यायमूर्ति एस.आर. कृष्ण कुमार की एकल पीठ के समक्ष कहा कि गिरफ्तारी में प्रक्रियात्मक चूक हुई है। उन्होंने बताया कि जांच पहले ही सीआईडी को सौंप दी गई थी, फिर भी सीसीबी ने अचानक दखल देकर गिरफ्तार किया। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्नहस्स्) की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि अगर वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तारी का अधिकार है भी, तो इसकी लिखित सूचना देना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति कृष्ण कुमार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम आवास पर मोदी की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात



सांसदों ने साझा किए अनुभव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उन सांसदों से मुलाकात की, जो ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के वैश्विक आउटरीच के हिस्से के रूप में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के हिस्से के रूप में विदेश गए थे। डीएमके की कनिमोझी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, रेखा शर्मा और फंगनन कोन्याक, बीजेडी के सस्मित पात्रा और एआईएडीएमके के एम थंबीदुरई सहित कई सांसदों ने नई दिल्ली में पीएम के 7, लोक कल्याण मार्ग पर बैठक में भाग लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी, जेडीयू, शिवसेना जैसे एनडीए घटक दलों के साथ-साथ कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी (एसपी) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी पार्टी के नेताओं ने भी हिस्सा लिया। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल जिन भी देशों में गया, वहां सभी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, सभी देशों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई है और आने वाले समय में भारत-यूरोप संबंधों में नई शुरुआत देखने को मिल सकती है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतिनिधिमंडल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की भावनाओं और स्थिति को पूरी ताकत से सामने रखा। अब पीएम मोदी भी इन सभी नेताओं से मिलकर उन्हें धन्यवाद देंगे और मिशन की सफलता को रेखांकित करेंगे।

## दिल्ली में बड़ा हादसाः द्वारका के अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर लगी भीषण आग, पिता और दो बच्चों की गई जान



नई दिल्ली। द्वारका में एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। दमकल विभाग ने भीषण आग पर काबू पाया। हादसे के दौरान तीन लोगों की मौत भी हो गई है। ये हादसा द्वारका सेक्टर 13, सबद सोसाइटी एमआरवी स्कूल के पास बिल्डिंग में हुआ। जहां हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए, जिन्हें आकाश अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में उनके पिता यश यादव उम्र 35 साल भी बालकनी से कूद गए, जिन्हें भी आईजीआई अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। वह फ्लैक्स बोर्ड के व्यवसाय से जुड़े थे। यश यादव की पत्नी और बड़ा बेटा आग से बच गए और जीवित हैं। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए आईजीआई अस्पताल भेजा गया है। सोसाइटी के सभी निवासियों को बाहर निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए डीडीए तथा एमसीडी को सूचित कर दिया गया है। परिवार की सहायता के लिए आकाश तथा आईजीआई अस्पताल दोनों में टीमें तैनात की गई हैं। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने द्वारका में हुए हादसे पर दिल्ली की रेखा सरकार पर निशाना साधा। एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि द्वारका में आग लगी, पिता अपने दो बच्चों के साथ मारे गए।

## चीफ जस्टिस गवाई बोले- तकनीक दोधारी तलवार, न्यायिक कामकाज के लिए हो इस्तेमाल, फैसले लेने के लिए नहीं



नई दिल्ली। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह है। इसका उपयोग न्यायिक कामकाज को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, न कि फैसले लेने की प्रक्रिया की जगह लेने के लिए। सीजेआई सोमवार को कैंब्रिज विश्वविद्यालय में न्याय तक पहुंच में तकनीक की भूमिका विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध देश में न्याय तक पहुंच को आसान बनाने में तकनीकी की बहुत बड़ी भूमिका हो सकता है। भारतीय न्यायपालिका ने तेजी से तकनीक को अपनाया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा, हमें यह भी मानना होगा कि तकनीक एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जो असमानता को और बढ़ा सकती है। एक बड़ी चिंता डिजिटल डिवाइड यानी तकनीकी असमानता है, जहां इंटरनेट, उपकरणों और डिजिटल ज्ञान की समान पहुंच न होने के कारण वे लोग पीछे छूट सकते हैं जो पहले से ही न्याय तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अगर तकनीक को सच में न्याय के लिए इस्तेमाल करना है, तो उसकी योजना बनाते समय समानता और समावेशन को आधार बनाना होगा। हालांकि, जस्टिस गवई ने कहा कि नीतिगत दखल के बिना न्याय प्रदान करने की प्रणाली में कोई क्रांति नहीं लाई जा सकती। उन्होंने कहा, शासन का ऐसा ढांचा विकसित किया जाना चाहिए, जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम संबंधी पारदर्शिता और तकनीक आधारित मध्यस्थ फैसलों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करे। सीजेआई ने आगे कहा, आगे बढ़ने का रास्ता बुनियादी सिद्धांतों का पालन मांगता है। तकनीक का इस्तेमाल न्यायिक काम को खत्म करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल से मची अफरा-तफरी



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की न्याय व्यवस्था के लिए सोमवार 9 जून का दिन बेहद तनावपूर्ण रहा, जब हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ईमेल मिला। यह धमकी 'मद्रास टाइगर्स फॉर अजमल कसाब' नामक एक कथित संगठन की ओर से भेजी गई थी। ईमेल में कोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाने की बात कही गई थी, जिससे पूरे न्यायिक और सुरक्षा तंत्र में हड़कंप मच गया।

धमकी मिलने के समय समर वेकेशन के बाद कोर्ट में कार्यवाही पुनः शुरू हुई ही थी। जैसे ही कोर्ट के आईटी सिस्टम पर यह ईमेल प्राप्त हुआ, उसमें लिखे गए शब्दों ने सबको डरा कर रख दिया। ईमेल में यह दावा किया गया था कि हाईकोर्ट परिसर में 'अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज)' लगाए गए हैं और जल्द ही विस्फोट किया जाएगा।

### कोर्ट परिसर खाली कराया गया

इस संदेश की गंभीरता को देखते हुए तुरंत हाईकोर्ट के प्रोटोकॉल अफसरों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बिना समय गंवाए पूरे परिसर को खाली कराया। जज, वकील, स्टाफ और पक्षकारों को बाहर निकाला गया और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया।

### बम स्काड और स्निफर डॉग्स ने की जांच

बिलासपुर पुलिस के साथ-साथ विशेष बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। हाईकोर्ट परिसर के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई। गाड़ियों, कमरों, लॉबी, रिकॉर्ड रूम और पार्किंग क्षेत्र तक को खंगाला गया। लगभग तीन घंटे चली तलाशी में किसी प्रकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं करेंगे... भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाने के विवाद पर आया अमेरिकी दूतावास का बयान



वॉशिंगटन। अमेरिका के नेवार्क एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र के साथ दुर्व्यहवार किए जाने की घटना पर भारत में गुस्सा देखा जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर छात्र को निर्वासित करने से पहले हथकड़ी लगाकर फर्श पर गिराया और घुटनों से उसकी गर्दन को दबाया। इस घटना का वीडियो भारत में सोशल मीडिया पर वायरल है। भारतीयों की ओर से गुस्से का इजहार किए जाने के बाद दिल्ली स्थित अमेरिका के दूतावास ने कहा है कि उनका देश कभी भी अवैध यात्रियों को जगह नहीं दे सकता है। दूतावास ने ये बताने की कोशिश की है कि भारतीय छात्र गैरकानूनी तरीके से अमरिका गया था, इसलिए उसे लौटाया गया।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा है कि अमेरिका हमेशा ही उन यात्रियों का स्वागत करता रहता है, जो कानूनी तरीके आते है।लेकिन हम अवैध तरीके से प्रवेश, वीजा के दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं और ना ही करेंगे। दूतावास ने कहा कि अमेरिका की यात्रा करने का कोई अधिकार नहीं है।

### भारतीय वाणिज्य दूतावास ने लिया संज्ञान

न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर भारतीय छात्र के वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया है। दूतावास ने आश्वासन दिया कि वे स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर लिखा, हमने सोशल मीडिया पर वह पोस्ट देखी है, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय नागरिक को नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हम इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजनाथ की दुनिया को दो टूक- पाक को आतंक विरोधी समिति में रखना बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने जैसा



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अमर उजाला संवाद 2025 के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि, पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया, उसने देश को झकझोर दिया। उन्होंने धर्म पूछकर मारा, लेकिन हमने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। यह देश की सामाजिक एकता पर हुआ हमला था। धर्म पूछकर मारने के पीछे उनका उद्देश्य था भारत की सांस्कृतिक एकता को नुकसान पहुंचाना।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने उनके आतंकी ढांचे को तबाह कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों पर पहली बार किसी ने हमला किया है, तो वह भारत है। यह आतंकियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम आतंकियों को नहीं, बल्कि आतंकी ढांचे को भी पूरी तरह से खत्म करें, यह जरूरी है। पूरी दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करना जरूरी हो गया है। यह बात पूरी दुनिया के सामने आ रही है कि पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है कि आतंकवाद को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को बंद करना होगा। आतंकवाद को खाद-पानी नहीं मिलना चाहिए। इसमें संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अहम है, लेकिन उसके निर्णयों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह बिल्ली से दूध की रखवाली करवाने वाली बात है। इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है। यह वही पाकिस्तान है, जिसकी जमीन का इस्तेमाल वैश्विक आतंकवाद के लिए होता रहा है। यहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी खुले आम घूमते हैं और जहर उगलते हैं। उसे आप वाइस चेयरमैन बनाते हैं। आतंकी के जनाजे में पाकिस्तानी फौज के अफसर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं, यह क्रूर मजाक से कम नहीं है। अनुच्छेद 370 पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सभी ने देखा होगा कि जब तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तब तक सभी कहते थे कि कश्मीर भारत में तो है, लेकिन वह भारत से इंटिग्रेट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## टोंक में बनास नदी में बड़ा हादसा, नहाने गए 11 युवक डूबे, आठ की मौत

टोंक। राजस्थान के टोंक में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब जयपुर से आए 11 युवक बनास नदी में नहाने उतरे और तेज बहाव में बह गए। सभी युवक पिकनिक मनाने के लिए दोपहर करीब 12 बजे नदी के पुराने पुल के पास पहुंचे थे।

### तेज बहाव में डूबते चले गए सभी युवक

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सभी युवक एक साथ नदी में नहाने उतरे, लेकिन कुछ देर बाद तेज बहाव के कारण एक-एक कर गहराई में चले गए और डूबने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही टोंक पुलिस, प्रशासन और SDRF की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अब तक 8 युवकों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि बाकी 3 की तलाश जारी है। सभी को सआदत अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने 8 युवकों को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नदी का यह हिस्सा गहरा है और यहां कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। यह पुराना पुल क्षेत्र है, जहां अक्सर लोग बिना जानकारी के नहाने चले जाते हैं। घटना की खबर मिलते ही सआदत अस्पताल में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। चीख-पुकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# संकल्प से सिद्धि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल बेमिसाल पर कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम मानने का रही है, इसी कड़ी में जिला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में वृहद कार्यशाला का आयोजन जीई रोड स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। भाजपा 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम के तहत भाजपा 9 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है, जिसके तहत कार्यशाला, योग दिवस सहित अन्य कार्यक्रमों से लेकर जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम करने की योजना भाजपा ने तय की है।

इसी कड़ी में आज जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया, उक्त कार्यशाला में आज जिला भाजपा कार्यालय मे मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवननी उपस्थित रहे, साथ ही रामजी भारती, प्रदीप गांधी, सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, शशिकांत द्विवेदी, तरुण लहरवानी, किशुन यदु, सुमित भाटिया, मनोज साहू, अमित जैन, खिलेश्वर साहू, चंद्रिका डडसेना, जसमीत बन्नोआना, किरण वैष्णव, गीता साहू, किरण साहू, आभा तिवारी, रघुवीर वाधवा, विनोद खांडेकर अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया उसके पश्चात संगठन गीत कार्यक्रम सहसंयोजक जागृति यदु और अनीता ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### विकसित भारत का संकल्प हमारा प्रण है और यही संकल्प सिद्धि करने हेतु भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं - भूपेंद्र सवनी

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवनंनी ने कहा कि संकल्प का जब ध्यान आता है तो रावी नदी के तट पर संकल्प लिया गया था जिन्होंने रावी का जल उठा कर संकल्प लिया था कि हम स्वतंत्रता सहित अपने विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेंगे यह हमारा प्रण है। लेकिन आजादी के दिन बाजे गाजे ने उस संकल्प की महत्ता को कमजोर कर दिया साथ ही ठीक उसी दिन भारत से उनका बहुत ही महत्वपूर्ण अंग काटकर पाकिस्तान बनाया गया, हमारे तमाम सनातन और सिक्ख समुदाय सहित अन्य समुदाय के प्रमुख तीर्थ भी पाकिस्तान में चले गए, आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री बने जिन्होंने चुनौतियों को स्वीकार किया और तमाम कठिनाइयों को लांघते हुए विकसित भारत के संकल्प का बीड़ा उठाया आज हम उस ओर आगे बढ़ रहे हैं और दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की सबसे समृद्ध और विकसित सेना बन रही हैं।

लगातार सतत कार्य करने की भावना हमारे मूल में हैं हमारे संगठन ने सदैव हमें जन हितों और राष्ट्र निर्माण के लिए सतत कार्य करने की शिक्षा दी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधे मिलाकर विकसित भारत के संकल्प को साधने लगातार अथक परिश्रम कर रहा है।

उन्होंने पहलगाम की घटित घटना का जिक्र करते हुए कहा कि धारा 370 के खात्मे के बाद कश्मीर में बढ़ते विकास से बौखलाया दुश्मन देश पाकिस्तान नापाक हरकत पर उतारू हुआ और कश्मीर में व्याप्त शांति के समाप्त करने का कुत्सिक प्रयास किया जिसमें हमारे 27 बेगुनाह भारतीय शहिद हो गए लेकिन हमारी सेना और सरकार ने ऑपरेशन



सिंदूर चलाकर पाकिस्तान से पोषित आतंकवाद को और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया, साथ ही हमने कूटनीतिक रूप से पाकिस्तान को पूरी दुनिया में बेनकाब कर अलग थलग कर दिया। हमारे जवान केवल भारतीय सीमा पर आतंकवाद से नहीं लड़ रहे थे अपितु उसी समय हम आंतरिक आतंकवाद से भी मुस्तैदी से लड़ रहे थे और बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में मारे गए नक्सली इसका दृश्य उदाहरण है।

हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और वैश्विक रूप में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं एप्पल जैसी वैश्विक कंपनी दबाव के बावजूद भारत में अपने निवेश को सुरक्षित और बेहतर मानते हुए अपना निवेश जारी रखने की बात कहती है और साथ ही साथ भारत अब दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक के रूप में तेजी से ऊबर रहा है और यही हमारे शीर्ष नेतृत्व से लेकर संगठन तक का संकल्प है कि हमें हमारे भारत को विकसित और श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेकर चलना है और उसे पूर्णता तक ले जा कर सिद्ध करना है।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत हमें संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का दायित्व दिया गया जिसको विस्तार से भूपेंद्र सवनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को समझाया। उन्होंने आगामी संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम पखवाड़े की विस्तृत जानकारी देते हुए 9 जून से लेकर 21 जून तक भाजपा द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम का पूर्ण ब्यौरा कार्यकर्ताओं को दिया।

### पहलगाम के जवाब ने भारत के गौरव को बढ़ाया- सचिन बघेल

इस अवसर पर केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि 11 वर्ष के मोदी शासनकाल में सर्वाधिक गौरव का अवसर तब रहा, जब पहलगाम के जवाब में भारत में 11 आतंकवादी ठिकानों पर एक साथ मात्र 22 मिनट में स्वदेशी मिसाइल के माध्यम से आतंकवादियों को आपरेशन सिंदूर के माध्यम से नेस्ता-नाबूत कर दिया, जिससे पूरा विश्व चमत्कृत हो गया, सभी ने भारत की इस प्रतिभा का लोहा माना और भारत का गर्व बढ़ गया।

इसके पूर्व अभियान के संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने बताया कि संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत 13 जून को सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और साथ ही प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित है। 12 से 14 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की जाएगी।

15 से 17 जून तक वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे। सभी स्तर पर नेताओं का प्रवास भी होगा। जिसमें सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षित होंगे। 21 जून को वार्डो में योग दिवस का कार्यक्रम मनाया जाएगा। 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे।

23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाई जाएगी। 25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा आपातकाल की बर्बरता का चित्रण करती प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

अभियान के जिला संयोजक रविंद्र वैष्णव ने अपनी प्रस्तावना संदेश में कहा कि आज पारदर्शिता का युग है, हमें सभी कार्यक्रम आयोजित करना है और जिसकी जानकारी सोशल मीडिया एवं सरल अप में रिपोर्टिंग भी करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आई टी, सोशल मीडिया की टीम को विशेष जिम्मेदारी दी जा रही है।


पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि संकल्प से सिद्धि केवल केंद्र सरकार का कार्यक्रम मात्र नहीं अपितु यह भारत के जनजीवन को सुव्यवस्थित करने का प्रण है जिसमें उत्तम शिक्षा हो, बेहतर स्वास्थ्य हो, जन सुविधाओं का विस्तार हो, उत्तम आंतरिक और बाह्य सुरक्षा निर्धारित हो, वैश्विक रूप से भारत का गहरा प्रभाव रहे। विश्व गुरु के रूप में पूरे विश्व का मजबूत नेतृत्व भारत के हाथ में हो यदि एक पंक्ति में कहा जाए तो भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मकसद है ।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आने वाले समय में लोग मोदी जी को एक महापुरुष के रूप में याद करेंगे, जिन्होंने असंभव लगने वाली कई योजनाओं को पूरा किया और 500 वर्ष तक संघर्ष कर रहे हिन्दू समाज के सपने को राम मंदिर का भव्य निर्माण कर, समस्या का सहज सरल रास्ता निकाला, जिसकी स्वीकार्यता पूरे विश्व ने पसंद की। यह सब हम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सीख कर, कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि साफ सुथरा, स्वच्छ वॉर्ड और शहर बनाकर महापौर और पार्षदगण अपना अहम योगदान दे सकते हैं। विधायकगण राज्य सरकार की योजनाओं से अपने क्षेत्र की जनता को लाभान्वित कर और साथ ही अपने विधानसभा के समग्र विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर हम सभी विकसित और समृद्ध भारत में अपना योगदान देकर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं और यही 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम का मूल ध्येय है।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की कार्यशाला में मंच संचालन कार्यक्रम के सहसंयोजक मूलचंद लोधी ने किया और आभार कार्यक्रम के सह संयोजक अमित जैन ने किया, कार्यक्रम में विशेष रूप से राजनांदगांव जिले के 16 मंडल अध्यक्षगण, पार्षदगण, पूर्व मंडल अध्यक्ष, सहित सैकड़ों की संख्या में जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज 627वाँ कबीर जयंती महोत्सव कबीर आश्रम सुंदरा में



राजनांदगांव (दावा)। आज 11 जून दिन बुधवार को कबीर आश्रम सुंदरा में कबीर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से बीजक पाठ एवं भजन सत्संग दोपहर 2 बजे तक, भोजन प्रसादी दोपहर 3 बजे से आयोजक जितेंद्र साहेब, साध्वी एम करुणा साहेब, साध्वी आत्मप्रेम साहेब ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### एनबीआईएस, बोरी में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में इस वर्ष शाला के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग अलग तरीके से किया गया। शाला द्वारा इस वर्ष शाला के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा यह पहला प्रयास है ताकि बच्चे पानी में सुरक्षित रहे। स्वीमिंग कक्षाओं में शाला के 200 बच्चों ने स्वीमिंग के गुण सीखें। शहर में यह पहला अवसर है जब किसी संस्था द्वारा निःशुल्क स्वीमिंग सिखाई गई। श्री बाजपेयी का कहना है कि हम सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को नहीं रोक सकते किन्तु तैराकी सीखकर पानी की दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। स्वीमिंग हमारे संपूर्ण शरीर के लिए लाभदायक व्यायाम है, जो हमें मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है। प्रथम वर्ष के इस स्वीमिंग कक्षाओं की पालकों ने खूब सराहना की। पालकों द्वारा आगे भी इस तरह के गतिविधि कक्षाओं के संचालन की बात कही गई।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
07th June to 12th June 2025




HOUSEFULL 5 A - 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
HOUSEFULL 5 B - 12:15, 03:15, 06:00 & 09:00 pm
Bhool Chuk Maaf - 06:15 and 09:15 pm
Mor Chhainha Bhuinya 3 (C.G) - 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

## साय सरकार युक्तियुक्तकरण की आड़ में शिक्षा से कर रही खिलवाड़-कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का फैसला लिया है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर किए जा रहे रोजगार विरोधी नीति अपनाकर हजारों युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है जिसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 'शिक्षा-न्याय आंदोलन किया जा रहा है। इसी के तहत 10 जून को शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड शिक्षा कार्यालय का एक दिवसीय घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार युक्तिकरण कर



45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षकों के हजारों पद खत्म किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय घेराव प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को यथावत रखते हुए, शिक्षा नीति 2008 का पालन हो तथा प्रदेश में शिक्षकों की नई भर्ती जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो व छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके।

> 0 शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन आयोजित
> 0 विकासखंड शिक्षा कार्यालय का किया घेराव, सौपा ज्ञापन

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की जनता को छलने का प्रयास कर रही है। ये बड़ा ही गंभीर मामला है कि प्रदेश में लगभग 10 हजार से अधिक स्कूल बंद होने वाली है, युक्तियुक्तकरण कर 6000 शिक्षकों की भर्ती को समाप्त कर रही है वहीं स्कूलों में काम करने वाले मध्यांह भोजन, रसोईया, भृत्या व अन्य कार्य कर रहे है उनको भी हटाया जा रहा है इसी तरह कहा जाए तो लाखों लोगों को बेरोजगारी की ओर धकेल रही है यह सांय सरकार। कुल मिलाकर भाजपा सरकार प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ाने का काम तेजी से कर रही है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इन अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियों से बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार। बीएड, डीएड शिक्षित बेरोजगार का भविष्य खतरे में नजर आ रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षडयंत्र रच रही है और निजी शिक्षण संस्थाओं को अघोषित रूप से लाभ पहुंचाने के लिए शिक्षा नीति का व्यापारीकरण किया जा रहा है।

सभा को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव मेहुल मारू, अंगेश्वर देशमुख, पंकज बांधव, रमेश डाकलिया, शारदा तिवारी, अभिमन्यु मिश्रा, शहर महामंत्री झम्मन देवांगन, निगम नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रोहित चंद्राकर, रतन यादव, अशोक फडनवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, मनीष गौतम, सुजीत बघेल, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, योगेन्द्र वैष्णव, संजय साहू, नीरज कन्नौजे, सागर ताम्रकार ने संबोधित किया। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू, गोपीचंद गायकवाड़, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, पूर्व जिपं अध्यक्ष चित्रलेखा वर्मा, रौशनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, वीरू चौहान, अमिन हुद्दा, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, मोहनीश कुमार, महेश साहू, प्रकाश बाफना, खैरूनिशा, प्रतिमा बंजारे, विनय झा, शरद पटेल, महेश यादव, भोला यादव, पूर्णिमा नागदेवे, विशाल गढ़े, प्रियेश मेश्राम, तजेन्द्र वैष्णव, देव साहू, देवशरण वर्मा, हेमशंकर साहू, भोजराम साहू, सुरेन्द्र गजभिए, शेषनाथ, कुंजलाल साहू, डॉ. राकेश कुमार, राजा यादव, मेमलाल साहू, शौर्य वैष्णव, चंद्रशेखर मालेकर, शिव देवांगन, गगन, राहुल गजभिए, संदीप जायसवाल, जितेन्द्र सिन्हा, ललिता साहू, सूरज शर्मा, राहुल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उक्त प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसजनों का दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने आभार व्यक्त किया।

## युक्तियुक्तकरण शिक्षकों के हाथ काटने का निंदनीय सरकारी प्रयास- संतोष पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे युक्तियुक्तकरण को भविष्य निर्माता शिक्षकों के हाथ काटने वाला निंदनीय प्रयास बताया और कहा कि इस शिक्षा विरोधी कदम से प्रदेश के 45 हजार शिक्षकों के पेट में लात पड़ जाएगा। कम दर्ज संख्या के नाम पर स्कूले बंद हो जाएगी। इससे स्कूल में काम करने वाले मृत्यु से लेकर बच्चों को मध्याह्न भोजन खिलाने वाले रसोईए कहीं के नहीं रहेंगे। श्री पिल्ले ने बताया कि भाजपा की यह सरकार यह काम पहले बार नहीं कर रही पूर्व में सीएम डॉ रमनसिंह के समय भी यही हुआ है। श्री पिल्ले ने भाजपाइयों से यह पूछा कि आखिर शिक्षकों के साथ ऐसा अन्याय क्यों? उस समय भी साढ़े तीन हजार स्कूलें व 12 हजार शिक्षकों के शिक्षकों पद को समाप्त कर दिया गया था।

अब पुनः उसी ढर्रे पर विष्णु देव साय की सरकार चलते हुए शिक्षकों, रसोइए, स्व-सहायता समूह की बहनें, चपरासी, चौकीदार आदि के पेट में लात मारने तुली हुई है।

### शिक्षकों के पेट में लात न मारें सरकार

श्री पिल्ले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षकों पर हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके विरोध के लिए जमीन पर उतर कर प्रभावित शिक्षकों को लामबंद करते हुए सरकार के ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी। श्री पिल्ले ने कहा कि फिजुल खर्ची में डूबी भाजपा की साय सरकार बजाय लोगों को रोजगार देने के युक्तियुक्तकरण के द्वारा शिक्षकों की भर्ती न करनी पड़े इसलिए यह चाल चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 58 हजार से अधिक पद रिक्त हैं उसकी पूर्ति करने के बजाय युक्तियुक्त से और भी उन्हें हटाने पर तुली हुई है, शिक्षकों की नौकरी खाने के लिए तुली हुई है। पिल्ले ने कहा कि जब आप किसी को नौकरी नहीं दे सकते तो नौकरी से हटाने का भी अधिकार नहीं है। किसी के पेट पर लात मारकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने वालों को जनता कभी नहीं माफ करती। इसे भाजपाईयों को समझ लेना चाहिए।

## श्रीमती विमला देवी श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। गांधी चौक, सोनारपारा निवासी श्रीमति विमला देवी श्रीवास्तव धर्मपत्नी स्व.आर.एन.श्रीवास्वत का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान से निकाली। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव व अनुज श्रीवास्तव की मां थीं।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेश्री पति रामजी लाल उसारे निवासी ग्राम चापाटोला तह. मोहला जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी है, वह अपने नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर रामेश्वरी अंकित है, उक्त नाम गलत है, सही नाम रमेश्री है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज है, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहती है। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बितने के पश्चात उक्त आधार कार्ड में नाम का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान:-अं.चौकी दिनांक- 10/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू**
अधिवक्ता
निवासी व तहसील अं.चौकी
जिला-मो. मा.,अं.चौकी (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभिषेक तिवारी पिता श्री कृष्ण दत्त तिवारी, निवासी बल्देवबाग, राजनांदगांव (छ.ग.) का हूं।

मैंने अपना नाम विधिवत तरीके से मुहम्मद आलमगीर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे और मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में उक्त परिवर्तित नाम ही अंकित होगा।

**मुहम्मद आलमगीर**
बल्देवबाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-4
990-8 568-9
राजधानी
2-5-6
125-8 250-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. बी-121-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार जंघेल आ. दौवाराम जंघेल निवासी शहर दीनदयाल नगर, चिखली प.ह.नं.... तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र देवराज जंघेल आ. संतोष कुमार जंघेल जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/06/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 06/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 06/06/2025
सुनवाई दिनांक :- 12/06/2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामजी लाल उसारे पिता कुवरसिंग उसारे निवासी ग्राम चापाटोला तह. मोहला जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी है, वह अपने पुत्री Aayushi नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया है, जिसमें नाम के स्थान पर Ayushi Usare अंकित है, तथा माता के नाम के स्थान पर Rameshwari तथा पिता के नाम के स्थान पर Ramji Lal Usare उक्त नाम गलत है, सही नाम Aayushi तथा माता का नाम Rameshri तथा पिता के नाम Ramjee Lal Usare है, उक्त नाम समस्त कागजातों में दर्ज है, इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता हूं। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बितने के पश्चात उक्त आधार कार्ड में मेरे पुत्री का सुधार कर लिया जावेगा। अतएव आम सूचना प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान :- अं.चौकी दिनांक- 10/06/2025

भवदीय
**दीनदयाल साहू**
अधिवक्ता
निवासी व तहसील अं.चौकी
जिला-मो. मा. अं.चौकी (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-खैरागढ़-छुईखदान -गण्डई (छ.ग.)

**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र. 202506291500003 अ-6 वर्ष 2024-25
खैरागढ़, दिनांक 06/06/2025
क्रमांक/3559/वा. नजूल/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ क्रेता दीपक जैन स्व. प्रेमचंद जैन निवासी वार्ड क्रमांक -08, छुईखदान जिला खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई द्वारा नगर छुईखदान मोहल्ला बाजारपारा ब्लाक नं. 11 ए स्थित भूखण्ड क्रमांक-08 क्षेत्रफल 172 वर्गमीटर को पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 29.04.2025 के माध्यम से अनावेदक/ विक्रेता कुलदीप जैन आ. स्व. श्री त्रिलोकचंद जैन एवं अन्य 02 निवासी सरदार प्रेम सिंह वार्ड पाली जिला कोरबा से क्रय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति आपेक्ष ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अविध के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग खैरागढ़

ज्ञाप क्रमांक 2739/व.ले.स./2025-26,खैरागढ़ दिनांक 09/06/2025

**''रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण'' (द्वितीय आमंत्रण)**

इस संभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्ही.आई.पी. आगमन पर एवं शासकीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु होने वाले समारोह हेतु पंजीकृत फर्मो से किराया भण्डार सामग्री के दर रूचि की अभिव्यक्ति पत्र रजिस्टर्ड ए.डी./स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है, रूचि अभिव्यक्ति पत्र की कीमत रू. 1,000.00 (एक हजार रूपये) विवरण निम्नानुसार है:-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि - 18.06.2025
2. दर प्रस्तुत करने की तिथि - 23.06.2025
3. दर खोलने की तिथि - 24.06.2025

अभिव्यक्ति आमंत्रण प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज/प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

आवश्यक अर्हताएं:-

1. टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिए।
2. जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति।
3. टेन्ट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षो में, टेन्ट हाऊस कार्यक्रम संपादन का औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है। तत्संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विगत 03 वर्षो में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. कार्यक्रम संपादित किये जाने जिसमें प्रति कार्य की लागत कम से कम रू. 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण पत्र जो कार्यपालन अभियंता/समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

**टीप:- विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।**

जी- 252601480/2

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग, खैरागढ़**

# जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया जाएगा सघन पौधरोपण- कलेक्टर

0 साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

0 सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे को दी गई श्रद्धांजलि

0 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

0 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

0 चावल उत्सव के तहत राशन सामग्री वितरण का कार्य अच्छी तरह करने के लिए कहा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि इस वर्ष सघन पौधरोपण एक पेड़ माँ के नाम अभियान से किया जाएगा। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यापक तौर पर पौधरोपण करने के लिए पहले से तैयारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पौधरोपण के लिए गड्ढे बनाने, खाद की व्यवस्था एवं अन्य तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग से पौधे लेकर पौधरोपण किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कृषि विभाग को बाड़ी एवं मेड़ में पौधे लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए



फेंसिंग होना चाहिए, इसके साथ ही पर्याप्त देखरेख करने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में खेल विभाग, आयुष, जिला शिक्षा, समाज कल्याण एवं अन्य सभी विभाग कार्यक्रम में शामिल होंगे। योग दिवस के इस आयोजन में सामाजिक संस्थानों को भी जोडऩा है। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्था तथा आयुष विभाग का स्टाल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 से 30 जून तक धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंर्तगत राष्ट्रव्यापी जागरूकता एवं जनजाति परिवारों को शासन की योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभ दिया जाना है। इसके तहत पात्र व्यक्ति एवं जनजाति परिवारों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता सहित शासन की अन्य सेवाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने इसके लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित है तथा धरती आबा शिविर 15 जून से संचालित होगा, जिसे प्राथमिकता से करना है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद-बीज की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खेती किसानी को ध्यान में रखते हुए किसान खाद-बीज का अग्रिम उठाव कर रहे है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीएम को इसके लिए समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग से जल की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। जिला हास्पिटल के निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने के लिए सीजीएमएससी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। दिग्विजय स्टेडियम में बास्केटबाल कोर्ट में लाईट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि चावल उत्सव अंतर्गत राशन सामग्री वितरण का कार्य अच्छी तरह होना चाहिए। उन्होंने राजनांदगांव शहर सीमा में शासकीय भूमि के संबंध में जानकारी ली तथा सभी विभागों को जमीन की आवश्यकता के संबंध में चर्चा की। बारिश के मौसम में डायरिया पीलिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों, स्वामित्व योजना, भू आबंटन प्रकरणों, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, क्रेडा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि डायरिया एवं पीलिया जैसे बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता त्यौहार में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। सभी को उबला हुआ पानी पीना चाहिए और बीमारियों की रोकथाम के लिए पहले से ही सावधान एवं सर्तक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शहीद एएसपी आकाश राव को रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की



रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर ने किया रक्तदान

राजनांदगांव (दावा)। सुकमा जिले के कोंटा के गोलापल्ली मार्ग में आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव शहीद हो गए उनकी याद में पुलिस लाइन राजनांदगांव के रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर ने रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि यह एक अपूर्णीय क्षति है जिसको कभी भरा नही जा सकता उनकी शहादत को हम सब पुलिस परिवार नमन करते है वो एक अदम्य साहस के और नेकदिल इंसान भी थे मैं उनकी याद में रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस अवसर पर यूनुस ब्लड डोनेशन के संयोजक यूनुस अजनबी, जितेंद्र चंद्रवंशी, लाइफलाइन ब्लड सेंटर के सह एडमिन कृष्णा साहू, मेडिकल काउंसलर मुनेश्वर साहू और टीम उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में पानी की समस्या निदान के लिए कन्हारपुरी पार्षद ने कराई कुंए की सफाई, लगवाया सिंटेक टंकी





राजनांदगांव (दावा)। गर्मी का सीजन लगने से पहले शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ सुखने के कगार पर चली गई थी। जल संरक्षण के स्त्रोत कुएं तालाब भी वही स्थिति में थे। इसे देखते हुए कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 की पार्षद मोहनी देवी ढीरहेर ने वार्ड के कुएं की सफाई करवा कर तथा वहां सिंटेक लगवा कर वार्डवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक हल कर दी। इसी तरह वार्ड के मनकी बाट स्थित बुनकर के पास के बोरिंग के ठीक कर उसमें लोगों को पानी उपलब्ध कराने सिंटेक टंकी लगवाया। इससे वार्डवासियों को सहजता पूर्ण पानी मिलने लगा है। भीषण गर्मी में पानी के लिए जूझने वाले वार्डवासियों को यह सहुलियत मिलने से वार्ड पार्षद व उसके प्रतिनिधि युवराज ढीरहेर की सराहना करने से नहीं चूक रहे।

वार्ड के देवेंद्र साहू, प्रकाश बजरंग, हेमचंद्र आदि ने बताया कि पार्षद मोहनी देवी व पार्षद प्रतिनिधि युवराज ढीरहेर की सक्रियता से

**पार्षद मोहनी देवी व पार्षद प्रतिनिधि की सक्रियता से वार्डवासी खुश**

कन्हारपुरी में साफ़-सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त है। वार्ड में जागबली होटल के पास हर समय उपलब्ध हो जाने वाले पार्षद प्रतिनिधि युवराज की उपस्थिति से वार्ड संबंध कार्य सहज रुप से हो जाता है। वहीं राशन कार्ड व अन्य किसी प्रमाण पत्र आदि में दस्तखत आदि कराने के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ता। इससे वार्डवासियों का काम सहज ढंग से हो जाता है।

बताया जाता है कि भीषण गर्मी के दौर में जहां पानी के लिए जूझ रहे थे ऐसे समय में पार्षद द्वारा गौशाला, मंदराजी दाऊ मंच के सामने स्थित कुएं की सफाई कराने से आसपास के लोगों की पानी की समस्या निश्चित रुप से हल हो गई। कुएं की सफाई के दौरान पार्षद प्रतिनिधि युवराज ढीरहेर, पूर्व पार्षद महेश साहू, सीताराम श्रीवास आदि की उपस्थिति में लोगों ने कुएं में उतर कर साफ-सफाई की और उसमें से कचरा-गंदगी निकालकर उसमें के पानी को लोगों के निस्तारी लायक बनाया। पार्षद की इस सक्रियता के लिए लोग उनकी सराहना कर रहे हैं।

## विशाल रक्तदान शिविर .....




राजनांदगांव (दावा)। गांव में पहली बार बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव के द्वारा नि:शुल्क विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत पारींकला में किया गया। लगभग 43 लोगों ने रक्तदान महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी रक्तदाता को बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव द्वारा नि:शुल्क हेलमेट दिया।

## भगवान श्री झूलेलाल की कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति- संत लाल दास





**सिंधु भवन में झूलेलाल कथा जारी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सिंधु भवन लालबाग में संत शिरोमणि सांई लाल दास का आगमन पर समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद झूलेलाल मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। झूलेलाल कथा के पहले दिन श्री झूलेलाल मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो वार्ड भ्रमण पश्चात वापस सिंधु भवन पहुंची। तत्पश्चात संत सांई लाल दास द्वारा भगवान श्री झूलेलाल की कथा का रसपान कराया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि कथा के आरंभ में सांई लाल दास ने कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस किसी व्यक्ति का नवग्रह ठीक नहीं है अथवा कोई ग्रह परेशान कर रहा हो, शनि की साढ़े साती हो, भगवान झूलेलाल की कथा सुनने से ग्रह शांत हो जाते हैं। सांई जी ने बताया कि चारों धाम की यात्रा करने से सौ तीर्थों का फल मिलता है। इस कथा को सुनने से फल प्राप्त होता है। जो श्रद्धालु भगवान श्री झूलेलाल की कथा को ध्यान से सुनता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर आवत राम तेजवानी, ब्रम्हानंद बजाज, अर्जुन दास पंजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, गिरधारी तलरेजा, राजा माखीजा, दौलतराम चंदानी, हरीश मोटलानी, हुंदल राम मनकानी, सुनील लेखवानी, राम रूचंदानी, अखिल अंदानी, संदीप सहेवानी, जयपाल मंगवानी, अमित गिडवानी, गौरव आहूजा, जय पंजवानी, सूरज पंजवानी, तरूण आहूजा, कमलेश मोटवानी, कन्हैया तलरेजा, रोहित माखीजा, विजय परियानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## वार्डवासियों के विरोध के बाद भी रिहायशी इलाके में लग रहा था बूस्टर टावर, देर रात तक रहा तनाव का माहौल



राजनांदगांव (दावा)। शहर के तुलसीपुर इलाके में एक निजी कंपनी के बूस्टर टावर लगने को लेकर सोमवार देर रात को जबरदस्त हंगामा हुआ, वार्डवासियों के विरोध के बावजूद भी निजी कंपनी के कर्मचारी टावर लगाने के लिए पहुंचे हुए थे, इस बीच वार्डवासियों ने टावर लगाने को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात तक वार्ड में हंगामा चलता रहा वार्डवासियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार तुलसीपुर इलाके में बूस्टर टावर लगाए जाने को लेकर वार्डवासी पहले से ही विरोध में थे। वार्डवासियों ने टावर लगने का कई बार पहले भी विरोध कर चुके हैं, इस बीच विरोध के बावजूद भी टावर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को देखकर लोगों का गुस्सा भड़क उठा आनंद-फानन में लोगों ने कर्मचारियों पर अपना गुस्सा निकाला, वहीं जिम्मेदारों को लेकर भी कई सवाल उठाए।

### क्या चाहते हैं वार्डवासी

तुलसीपुर इलाके के रहवासी वार्ड में बूस्टर टावर नहीं लगने देना चाहते क्योंकि वार्ड वासियों का मानना है कि इससे रेडिएशन बढ़ेगा और लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर पड़ेगा आसपास के इलाके में छोटे बच्चे और बुजुर्ग हैं जिन्हें रेडिएशन से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए वार्डवासी इलाके में कोई भी टावर नहीं लगाने देना चाहते, वार्डवासियों ने इसके लिए जिम्मेदार लोगों को काफी खरी खोटी सुनाई है और साफ तौर पर कहां है कि प्रशासन किसके इशारे पर टावर लगा रहा है, जिम्मेदार लोगों को मौके पर पहुंच कर जवाब देना चाहिए।

## सद्गुरू कबीर का 627वाँ प्राकट्य उत्सव आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज 11 जून दिन बुधवार को स्थान नंदई में सद्गुरू कबीर का 627वाँ प्राकट्य उत्सव सभी के सहयोग से मनाया जा रहा है। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब की कृपा से महंत अमरदास गुरूजी ग्राम-हालेकोसा, जिला राजनांदगांव के द्वारा सत्संग भजन मंडली के सानिध्य में सत्संग प्रवचन भजन एवं सात्विक चौका आरती कार्यक्रम रखा गया है । जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक महापौर मधुसूदन यादव और छत्तीसगढ़ पर्यटक मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं श्रीमान कोमल सिंह राजपूत एवं शहर के गणमान्य नागरिक एवं कबीर भक्तजन इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सतगुरू कबीर अमृतवाणी का लाभ लेंगे और इस कबीर प्रकट उत्सव में सतगुरू कबीर अमृतवाणी कार्यक्रम का लाभ उठावें। उक्त कार्यक्रम की जानकारी सदगुरू कबीर समिति नंदई आयोजन समिति के प्रचारक भागवत साहू एवं विजय साहू के माध्यम से दी गई।

## संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए भाजपा ने 16 मंडल संयोजक एवं सहसंयोजकों की सूची जारी की

राजनांदगांव (दावा)। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष में भाजपा 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचना है, इसमें आर्थिक प्रगति, सैन्य पराक्रम (ऑपरेशन सिंदूर) पर्यावरण पर जागरूकता, आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी दी जाएगी।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जिला और मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं कि टोलियां गठित की गई है, राजनांदगांव भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अभियान को लेकर जिला संयोजक के रूप में रविंद्र वैष्णव एवं सहसंयोजक मूलचंद लोधी, अमित जैन, जागृति यदु, अनीता मंडावी को यह जिम्मेदारी सौंपी है, 16 मंडलों के लिए अलग-अलग संयोजक और सह संयोजक सदस्य भी बनाए गए हैं।

जिसके अनुसार सूची निम्न है - संयोजक चन्द्रभान जंघेल 7000240471, सह संयोजक गेमू कुंजाम 8839022743, सह संयोजक कमल ध्रुव 7828559795, सह संयोजक श्रीमती शालू वर्मा 9098278554।

संयोजक बलवंत साहू 9827939606, सह संयोजक सुरेश साहू 9752276777, सह संयोजक अशोकादित्य 9827333812, भारतीय जनता पार्टी, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)।

### संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के मंडल संयोजक व सहसंयोजक सूची 2025-

राजनांदगांव उत्तर मंडल- संयोजक गोविंद देवांगन 7000328588, सह संयोजक नील निर्मलकर 7974287140, सह संयोजक गोपाल साहू 9644331169।

राजनांदगांव दक्षिण मंडल- संयोजक मोती देवांगन 9755270914, सह संयोजक कृष्णा साहू 9302187205, सह संयोजक मुकेश साहू 9752292288।

राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल - संयोजक विनोद बारले 9302735312, सह संयोजक ललित साहू 9131264124, सह संयोजक गोविन्दा सेन 9691290098।

राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल- संयोजक अमरोतन साहू 9424113382, सह संयोजक चन्द्रेश श्रीवास 9165049522, सह संयोजक दिलेश यादव 7617249863।

लाल बहादुर नगर मंडल- संयोजक उपकार सिंह बघेल 8319389183, सह संयोजक अशोक वर्मा 9435191087, सह संयोजक चन्द्रप्रकाश देशमुख 8999693491।

तुमड़ीबोड़ मंडल - संयोजक घांसी साहू 7354300111, सह संयोजक हनीफ कुरैशी 7999354587, सह संयोजक रामकुमार मंडावी 7067427004।

घुमका मंडल- संयोजक यशवंत वर्मा 9770220093, सह संयोजक शेखर यदु 7489976253, सह संयोजक संजय साहू 6264119030।

गैंदाटोला मंडल - संयोजक रामेश्वर साहू 9977343673, सह संयोजक तिजउ राम वर्मा 9630376991, सह संयोजक कंवल निर्मलकर 9669056001।

तिलई मंडल - संयोजक अजय वैष्णव 6263921357, सह संयोजक विजय जैन 9340001367, सह संयोजक डोमन पटेल 7587495808।

मुसरा-मुरमुन्दा मंडल- संयोजक हरिश मोटघरे 9425559925, सह संयोजक श्रीमती लक्ष्मी यादव 9584188609, सह संयोजक नागेन्द्र परिहार 9826197881।

अर्जुनी मंडल- संयोजक कोमल सिन्हा 8889516633, सह संयोजक चोवा राम साहू 6264490343, सह संयोजक भुपेन्द्र नायक 6261436479।

डोंगरगढ़ शहर मंडल- संयोजक तेजलाल वर्मा 9131835965, सह संयोजक भुवन वर्मा 9669621741, सह संयोजक मनोज वर्मा 8889134368।

कुमर्दा मंडल- संयोजक शेखर भरतद्वाज 8770467934, सह संयोजक अशोक मरकाम 8103830966, सह संयोजक कुन्दन बड़ोले 9340708117।

डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल- संयोजक हेमंत चोपड़ा 7000023310, सह संयोजक चुन्नी यदु 8817158888, सह संयोजक धनीराम चौधरी 8319012438।

## अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार फाटक जागरुकता अभियान सम्पन्न




राजनांदगांव (दावा)। सोमवार 9 जून को पांचपावली लेवल क्रासिंग फाटक क्रमांक 570, 572 फाटक पर दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक दपुमरे, नागपुर के आदेशानुसार एवं उपस्थिति में और आर.के.देवांगन नागरिक सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक करके इस जागरुकता अभियान सप्ताह का समापन किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय रेल समपार जागरुकता अभियान 3 जून से 9 जून तक नागपुर मंडल में संरक्षा विभाग द्वारा जनहित में जारी किया है। सिविल डिफेंस टीम के माध्यम से नागपुर मंडल के समपार लेवल क्रासिंग पर जाकर जनहित को संरक्षा संबंध में जानकारी दी कि जब भी लेवल क्रासिंग को पार करते समय बरते सावधानी, रुकें, दाएं बाएं देखें, सुनें तब लेवल क्रासिंग को पार करें, रेलवे ट्रैक, लेवल क्रासिंग को पार करते समय ईयर फोन का उपयोग नहीं करें और अन्य संरक्षा संबंध में जानकारी दी। जान है तो जहान है, सुरक्षा ही महान है। आपकी स्वयं की सुरक्षा आपके हाथ में है।

इस अभियान में आर. के. लोहिया मंडल संरक्षा अधिकारी, देवेन्द्र बी. उईके सिविल डिफेंस निरिक्षक, संतोष ठाकुर एवं अन्य वरि स्वयं सेवक, आलोक कुभरे, एन.शुक्ला, कर, गुरनानी संरक्षा सलाहकार, आरपीएफ, स्काउट एवं गाइड और अन्य रेलवे कर्मचारियों 55 ने भाग लिया है। मंडल रेल प्रबंधक एवं नागरिक सुरक्षा अधिकारी दपुमरे नागपुर ने सिविल डिफेंस के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा किया है, और इस कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक ने रु. 5000 अवार्ड घोषित कर दिया है।

## अनमोल दावा

**बीते कल ओर आने वाले कल की चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जो होना है वही होगा। जो होता है अच्छा ही होता है। इसलिए वर्तमान का आनंद लो।**

## सम्पादकीय

# दक्षिण एशिया में भारत के लिए फिर से बढ़ रही चुनौती, रहना होगा अलर्ट

साफ है कि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा का जिस तरह से सीधा असर दक्षिण एशिया पर पड़ता दिख रहा है वैसा दुनिया के बहुत ही कम हिस्सों में देखा जा सकता है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में इन शक्तियों की गतिविधियां सीधे तौर पर उसके हितों से जुड़ी हुई हैं। पहलगाम हमला और उसके बाद भारत के आपरेशन सिंदूर की वजह से दक्षिण एशिया हाल के दिनों में दुनिया भर की मीडिया में सुर्खियों में रहा है। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक, अफ्रीकी महादेश व दक्षिण अमेरिकी देशों से लेकर यूरोपीय देशों व एशिया के अन्य देशों ने भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति को लेकर चिंता जताई है। लेकिन अगर आप थोड़ा गौर से देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव की मौजूदा स्थिति के अलावा भी दक्षिण एशिया में बहुत कुछ हो रहा है।

असलियत में देखा जाए तो जिस तरह से वैश्विक शक्तियां इस समूचे क्षेत्र में सक्रियता दिखा रही हैं, वैसी स्थिति केवल पिछली सदी के सातवें दशक में ही दिखाई दी थी। तब अमेरिका और रूस के बीच प्रतिस्पर्धा का असर दक्षिण एशिया में दिखाई दिया था और अब रूस की जगह चीन ले चुका है। अमेरिका और चीन के बीच अफगानिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक में शतरंत की बिसात बिछती दिख रही है। अभी गेम की शुरुआत ही है और इसका रुख किस तरफ होगा, यह तो साफ नहीं है, लेकिन यह निश्चित है कि जो भी परिणाम होगा उसका भारत पर बड़ा असर होगा।

पिछले दिनों एक तरफ भारत और पाकिस्तान के बीच मिसाइलों का आदान-प्रदान हो रहा था, तभी भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के आर्थिक हितों के खिलाफ कदम उठा रहे थे। पहले बांग्लादेश ने जमीनी रास्ते से भारतीय सूत का आयात करना बंद किया तो उसके बाद भारत ने बांग्लादेश में तैयार रेडीमेड गार्मेंट्स का जमीनी रास्ते से भारत व यहां से दूसरे देशों को होने वाले निर्यात पर रोक लगा दी। इस खबर के बीच यह बात कहीं दब कर रह गई कि लंबे अरसे बाद बांग्लादेश और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग बढ़ने लगा है।

बांग्लादेश के काक्स बाजार में अमेरिकी सेना और वायु सेना के सदस्यों के साथ बांग्लादेश की सेना के बीच एक सैन्य अभ्यास चल रहा है। वैसे यह अभ्यास असैनिक महत्व का है, लेकिन इसके मायने गहरे हैं। इसके तार कहीं न कहीं म्यांमार की मौजूदा आंतरिक हालात से जुड़े हैं। म्यांमार में सैनिक शासक कमजोर पड रहे हैं और देश के कई इलाके में विद्रोही समूहों का कब्जा हो चुका है। अमेरिका इन विद्रोही समूहों को शह देने की योजना बना रहा है। ऐसा करके वह सैनिक शासक व प्रधानमंत्री मिन आंग ह्लाइंग के लिए हालात मुश्किल करना चाहता है, लेकिन असली निशाने पर चीन है जो सैनिक तानाशाह को लगातार प्रश्रय दे रहा है।बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस इसके लिए तैयार भी हैं, लेकिन बांग्लादेश की सेना का कहना है कि इतना बड़ा फैसला लोकतांत्रिक सरकार को ही करना चाहिए। चीन के बढ़ते वर्चस्व से चिंतित अमेरिका बंगाल की खाड़ी में अपने हितों के मुताबिक विस्तार चाहता है। पूर्व पीएम शेख हसीना कह चुकी हैं कि अगर उन्होंने बंगाल की खाड़ी में स्थिति सेंट मार्टिन द्वीप को अमेरिका को सैन्य अड्डा बनाने के लिए दे दिया होता तो उन्हें सत्ता नहीं गंवानी पड़ती।

अभी तक जो सूचनाएं सामने आ रही हैं, उससे यह भी पता चलता है कि अमेरिकी सरकार की म्यांमार को लेकर तैयार इस नई नीति में भारत के साथ कोई विमर्श नहीं किया गया है। वैसे अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भारत को अपना अहम रणनीतिक साझेदार मानता है, लेकिन भारत के पड़ोस में चीन के प्रभाव को चुनौती देने के लिए जो नीति बना रहा है, उसमें भारत की कोई भूमिका नहीं है। भारत भी इस पूरे हालात पर नजर बनाए हुए है। पहली वजह तो यह है कि बांग्लादेश से लेकर म्यांमार तक अमेरिका की बढ़ती गतिविधियां उसके दीर्घकालिक हितों के अनुरूप नहीं है। मोहम्मद यूनुस की सरकार पहले ही भारत विरोधी रवैया अख्तियार किए हुए है। अब अगर अमेरिका म्यांमार के एक बड़े हिस्से में सैन्य विद्रोहियों की मदद करता है और उन्हें हथियार आदि उपलब्ध कराता है तो यह भारत के हितों को भी आगे कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी संगठनों का म्यांमार के सैन्य विद्रोहियों के साथ पुराना संपर्क है। ऐसे में सैन्य विद्रोहियों को मिलने वाले गोला-बारूद, हथियार आदि पूर्वोत्तर राज्यों के अतिवादी संगठनों के हाथों में जाने का खतरा है।

# मोदी का 11वां साल: भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि

**हरदीप एस. पुरी**



लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है।

%अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय% के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को ?3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। %लखपति दीदी% पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना ?1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है।

जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।



दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100त्न एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में ?27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का ?3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46त्न हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय ?44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर ?10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

**लेखक भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं**

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : हर चीज पैसे से नहीं खरीदी जा सकती, अतः सहज रहें

*डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय*



प्रायः मनुष्य हर चीज को धन से तौलता है। वह किसी चीज को देखकर उसकी कीमत का अनुमान लगाने लगता है। यही नहीं, वह पैसे से हर चीज खरीद लेने का घमंड पाल बैठता है। यह पैसा उसके अंदर अहंकार वृत्ति पैदा करता है। वह दुनिया को खुद की मुट्ठी में समझने लगता है। वह यह भूल जाता है कि हर चीज हर जगह पैसे से नहीं खरीदी जा सकती है। कई बार वह ऐसी स्थिति में फंस सकता है, जहाँ उसे किसी कम मूल्य की चीज की आवश्यकता हो। अगर उस वस्तु की वहाँ उपलब्धता न हो, तो अधिक राशि व्यय करने को तैयार होने पर भी वह वस्तु उसे नहीं मिलेगी। ऐसे में वह पैसा धरा का धरा रह जाएगा। पैसा साधन है, लेकिन इसे ऐसा साधन न समझें कि अलादीन के चिराग की तरह यह आपको हर चीज उपलब्ध करा दे।

मेरे एक मित्र पिछले दिनों ट्रेकिंग के लिए एक पर्वत क्षेत्र गए हुए थे। वहाँ पर्वत से लगे हुए जंगल में उन्हें कैंप करते हुए रात बितानी थी। कैंप तैयार हो गया और जब भोजन बनाने के लिए आग जलाना आवश्यक हुआ, तो उन्होंने अपना माचिस ढूंढा। वह नहीं मिला। संयोग से वह पैकेट वे होटल में ही भूल आए थे, जिसमें माचिस और लाइटर था।जंगल में माचिस और लाइटर के बिना आग जलाना संभव नहीं था। मेरे मित्र के दल में किसी के भी पास ये वस्तुएं नहीं थीं। मेरे मित्र ने थोड़ी देर बाद पास से गुजर रहे एक व्यक्ति से माचिस मांगी। उसके पास भी तब माचिस नहीं थी। होटल कम से कम तीन किलोमीटर के फासले पर था।

तो ऐसी होती है अटपटी स्थिति। जब जब में पैसे हों, लेकिन वह सामान आवश्यक समय पर उपलब्ध न हो। कई बार रेलवे स्टेशन में ट्रेन के छूट जाने और एयरपोर्ट में हवाई जहाज के छूट जाने पर भी ऐसी ही अनुभूति होती है, क्योंकि अधिक राशि खर्च करने की स्थिति में होने पर भी अगर तत्काल कहीं पहुंचना हो और अन्य कोई साधन न हो तो फिर जेब में रखे हुए ये सारे पैसे धरे के धरे रह जाते हैं।

अतः हम धन का घमंड न करें और सहज बन कर रहें, क्योंकि सहज व्यक्तियों को सहायता जल्दी प्राप्त हो जाती है, चाहे जेब में पैसे हों या ना हो। अहंकार में डूबा व्यक्ति किसी आवश्यकता के समय भी लोगों की सहायता लेने से हिचकता है कि उसे झुकना ना पड़ जाए।

## सामयिक चर्चा

# चेकर होंगे ईमानदार, खत्म होगा भ्रष्टाचार

खबर पढ़कर,
देर तक अपने आप सोच कर,
बानी बोले - ''गजाधर !
आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री
जोर देकर कहते है -
पांच सौ रूपये के,
नोट बंद करने से,
खत्म होगा भ्रष्टाचार।
गजाधर! आज आप हमें बताइए
इस पर आपके क्या है विचार ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले -''बानी! देखो,
पहले दो हजार रूपये के नोट बन्दी की
तो भ्रष्टाचारी, तुम तो जानते हो,
पांच-पांच सौ के नोट धरने लगे।
अब पांच सौ के नोट बन्द करेंगे
तो वही भ्रष्टाचारी मालूम बानी!
दो-दो-सौ के नोट छिपाने लगेंगे।
तो मेरा कहना है भैया!
जब तक हममे लालच रहेगा
और 'चेकर' रहेगा बेईमान
तब तक भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा
बानी! तुम मेरी यह बात मान।
हॉ! देखो बानी! समझो
देश के 'चेकर' जब हो जाएंगे
सचमुच कर्त्तव्यनिष्ठ और ईमानदार,
तो फिर बहुत कुछ दूर हो सकता है,
इस देश से भ्रष्टाचार।''



**गिरीश बख्शी**

## शब्द सामर्थ्य -075

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 074 का हल

## हास्य व्यंग्य

# जनता ब्रांड ज़हर पीते नेता

आजकल के नेता भी बेचारे नीलकंठ हो गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार अमृत मंथन में निकले जहर को भगवान भोलेनाथ ने ग्रहण कर लिया था। जिससे उनका कंठ नीला हो गया था, पर आजकल के नेता भगवान भोलेनाथ की तरह जनता के हित में दुनिया के मंथन से निकले जहर को पीने में भोलेनाथ से आगे रहते हैं, किंतु उनका कंठ नीला नहीं होता क्योंकि वे जनता का जहर (दुःख)नहीं बल्कि खून पीते हैं जो उनके खून के साथ मिलकर के उनकी सेहत को और बेहतर बना देता है। भगवान शिव ने तो केवल एक बार ही जहर को पी लिया था। हलाहल पी लिया था, पर हमारे नेता बेचारे हर दिन हर पल ''जनता ब्रांड जहर'' पीते रहते हैं। जनता के दुःख दर्द को हरने के लिए जनता के बीच जा जाकर उनके जहर (दुःख) को पी लेने का शानदार उपक्रम करते रहते हैं। इसीलिए लोग आजकल दशहरा के दिन नीलकंठ पक्षी को देखने नहीं जाते क्योंकि उन्हें दशहरा मैदान में यत्र तत्र सर्वत्र नीलकंठ बने नेता दिखाई देते हैं। सहजता पूर्वक दिखने वाले ऐसे नीलकंठ पंख विहीन होते हैं। इसलिए आए दिन हवाई जहाज में उड़ते रहते है। ऐसे कलयुगी नीलकंठ को देख देख कर असल नीलकंठ हैरान परेशान रहता है, क्योंकि करिश्मा करने के मामले में महारथ हासिल नीलकंठ नेता भोलेनाथ की करिश्मा को भी धूल चटा देते।

बहुत कम लोग यह जानते होंगे कि नीलकंठ पक्षी की आवाज बेहद कर्कश होती है किंतु नेता से नीलकंठ बने नेताओं की आवाज बेहद मीठी होती है। कोयल भी नीलकंठ नेताओं की आवाज सुनकर शरमा जाती होगी। उसका घमंड टूट जाता होगा कि मैं बेहद मनमोहक मीठा बोलती हूं। घमंड तोड़ने के मामले में नीलकंठी नेता बड़े ही उस्ताद होते हैं। एक दूसरे के घमंड को तोड़ने के लिए आए दिन पवित्र संसद भवन में कुर्सियों को तोड़ते रहते हैं।

देशभर की जनता जनार्दन के तन मन से स्रावित जहर को हंसते-हंसते पी लेने वाले ये नीलकंठी नेता न जाने कौन सी जड़ी बूटी खाते हैं कि इन पर जनता जनार्दन के जहर का रत्ती भर असर नहीं होता है बल्कि जितना ज्यादा जहर पीते हैं उतनी ही ज्यादा चमक- दमक- मुस्कान उनके चेहरे पर बढ़ती जाती है। साथ ही उनके शरीर का ''मध्यप्रदेश अर्थात तोंद'' विशाल महाद्वीप की तरह आकार लेने को आतुर दिखता है।

भगवान शिव के प्रतीक नीलकंठ पक्षी अब शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच दिखाई नहीं देते। दरअसल नीलकंठी नेतागण नहीं चाहते कि जनता जनार्दन असली और नकली नीलकंठ को पहचान पाए। इसलिए नीलकंठ पक्षी को ग्रामीण शहरी- आबादी से साजिश रचकर दूर कर दिया गया है। नीलकंठ पक्षी के रहने-खाने-पीने के ठिकाने अर्थात पेड़- पौधे, नदी- तालाब, बाग बगीचे को नेताओं ने नेस्तनाबूद कर दिया गया है। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी की रीति नीति को नीलकंठी नेताओं ने अपना कारगर अस्त्र-शस्त्र बना लिया है। ऐसा प्रतीत होता मानो नीलकंठी नेताओं को नेस्तनाबूद करना अब असल नीलकंठ के वश की बात नहीं रह गई है।




नीलकंठ पक्षी अपने घोंसले अर्थात कोटर में अंडे को वंशवृद्धि हेतु सुरक्षित रखते हैं, किंतु नीलकंठी नेता अपने वंशवृद्धि हेतु अपनी कोठियों में हीरे-जवाहरात-सोने के बिस्किट रखते।बांटन लाल के बजाय बटोरन लाल बनते जा रहे हैं।जगत के हित में जहर को जो नीलकंठ पी लिए थे, आज वही नीलकंठ जगत के छद्मवेशी नीलकंठों के कुकर्मों से उपजे जहर को खाकर मरते जा रहे हैं।

**विजय मिश्रा ''अमित''**
वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी
अमरोहा कॉलोनी पोऑ-सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.), 492013,
मो 9893123310





## राशिफल




**मेष**

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आज पारिवारिक सुख-शांति का माहौल रहेगा।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस और सुस्ती त्याग करना पड़ेगा। आज अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक सुदृढ़ करें क्योंकि यह आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। कोई नई जानकारी भी हासिल होगी। बच्चे पढ़ाई में फोकस रहेंगे। आपका काम मुश्किल नहीं है बस आपका हौसला कम हो गया है।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित विवाद सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखेंगे। आज खर्चों की अधिकता की वजह से मन कुछ परेशान रहेगा। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है। आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों पर काम ज्यादा रहेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप और मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आत्मिक शांति मिलेगी। इस राशि के युवाओं को अपने करियर संबंधी प्रयासों में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें कि भावनाओं में आकर कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की आवाजाही करने से समय और पैसा खर्च हो सकता है।




**तुला**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज न करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज समझदारी और सावधानी से काम लेने का समय है।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता-पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के साथ मनोरंजन ऑनलाइन शॉपिंग जैसी गतिविधियों में सुखद बीतेगा। आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में भी सफलता प्रदान करेगी।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। दिन भर भागा- दौड़ी की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में भी व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी से संबंधित कोई मुद्दा चल रहा है तो आज उसके परिणाम आपके पक्ष में आने की संभावना है। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे, आपको जल्दी ही कोई शुभ समाचार भी मिलने वाला है।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। आज रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा, जिससे तन और मन दोनों प्रफुल्लित रहेंगे। किसी नए कार्य की शुरुआत करने में प्रभावशाली व्यक्ति का उचित सहयोग मिलेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कुछ ना कुछ चुनौतियां भी रह सकती हैं। कोई भी विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं और समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक हो जायेगा। इससे मित्र अथवा पड़ोसी के साथ अच्छा सम्बन्ध रहेगा।

# गांव के तालाब किनारे लगे हरे भरे पेड़ों की हो रही अवैध कटाई

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत बुढ़ासागर में इन दिनों तालाब के पार में लगे हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई का खेल धड़ल्ले से चल रहा है, ग्रामीण सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत बुढ़ासागर के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जती पटेल द्वारा शासकीय भूमि (तालाब पार) पर स्थित बबूल सहित रीया के पेड़ की अवैध कटाई करवाया जा रहा है। यह क्रम बीते कुछ दिनों से किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो जती पटेल द्वारा ग्राम में कुछ सालों से लाल ईंट भट्ठे संचालित किया जाता रहा है। जिसमें उनके द्वारा पूर्व में कटिया मारकर अवैध विद्युत कनेक्शन लेकर भट्ठे का संचालन किया जा रहा था। जिस पर गंडई विद्युत कम्पनी के अधिकारी द्वारा कार्यवाही भी किया गया था। डिमांड पेनाल्टी भी लिया जाना बताया गया है। बता दे कि ग्राम पंचायत बुढ़ासागर के शासकीय जमीन पर अवैध कटाई किया जा रहा है और इसका पंचायत के जिम्मेदारों को पता ही नही है।

ग्रामीण सूत्रों की माने तो पूर्व सरपंच प्रतिनिधि द्वारा नए पौधे का उसी जगह रोपण किया जाना



## लगभग 40 से 50 पेड़ों की अवैध कटाई का मामला

है इसके लिए पुराने पेड़ों को कटवाया जा रहा है, ऐसा जानकारी मिला है, एक तरफ सरकार लाखो रुपए खर्चकर पौधा लगाकर सुरक्षा का संकल्प दिलवाया जा रहा है वही दूसरी तरफ लगे हुए हरे भरे पेड़ो को ठेकेदार कुल्हाड़ी या पेट्रोल युक्त लखवा आरा मशीन से काटकर पेड़ के गोले को भट्ठा में खपाया जा रहा है। इस मामले पर ग्राम पंचायत बुढ़ासागर के सरपंच संजु सिंह खुशरो से कहना है की इस संबंध में पंचायत को कोई जानकारी नहीं है, ग्राम के लोग कटवा रहे होंगे, इसकी जानकारी पंचायत को नहीं दिया है, पूर्व सरपंच लकड़ी का ठेकेदारी करता है, वो किससे खरीदा है वो खुद बताएगा, पंचायत प्रस्ताव नहीं हुआ है।

> भगवती मेरावी ग्राम सचिव का कहना है कि पेड़ कटाई संबंधी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं है, न ही मुझे है, इस संबंध में पंचायत में बैठक भी नही हुई है, पेड़ कटवाने वाला जाने।

> वर्जन- नेहा ध्रुव तहसीलदार गंडई का कहना है कि पेड़ कटाई संबंधी मौखिक सूचना मिली है सूचना के आधार पर क्षेत्र के पटवारी को जांच के लिए भेजी हूं जांच प्रतिवेदन प्राप्त होते ही उच्चाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी, आगे की कार्रवाई उन्हीं के द्वारा किया जाएगा।

# अस्पताल में गंदगी देख भड़के कांग्रेस विधायक

छुरिया (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीवनदीप समिति की बैठक में पहुंचे खुज्जी कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने कई खामियां पायी। अस्पताल में मटमैले बिस्तर, टूटे पड़े बेड, नाली में व्याप्त गंदगी को लेकर बीएमओ उमेश भगत पर भड़क उठे और उन्हें नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्हें मुख्यालय में रहकर मरीजों का समुचित उपचार करने निर्देश भी दिया।




## जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीवनदीप समिति की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में खुज्जी कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू की अध्यक्षता में क्रय-विक्रय के संबंध में बैठक रखा गया था। बैठक में एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, तहसीलदार विजय कोठारी, नगर पंचायत सीएमओ अजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, पूर्व युकां.खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पार्षद सोनू खान, रोशन निर्मलकर सहित स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक में विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके, लेकिन देखा जा रहा है कि उपचार के दौरान मरीजों को मामूली सी बीमारी पर भी रिफर सेंटर बना दिया गया है जो क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के समक्ष तीखे लहजे में कहा कि मुख्यालय में रहकर ही मरीजों का उपचार किया जावे। शिकायत मिलने पर वे कड़ी कार्यवाही करने बाध्य होंगे।

जीवनदीप समिति की बैठक में बीएमओ उमेश भगत ने उन्हें क्रय-विक्रय के साथ ही लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की मांग पर मानदेय बढ़ाने की मांग की। इस पर विधायक साहू ने जीवनदीप समिति के सदस्यों की सहमति पर मानदेय बढ़ाने पर राजी हुए। इसके साथ ही लेब एवं ड्रेसिंग रूम में एसी के लिए प्रस्ताव रखा गया जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आया-बाई के लिए नवीन पद पर स्वीकृति दी गई। इसके अलावा अस्पताल में बिगड़े पड़े जनरेटर के सुधार करने कहा गया ताकि मरीजों को अंधेरे में न रहना पड़े।

### अस्पताल में लगेगा डिजिटल डिस्प्ले

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की शिकायत को ध्यान में रखते हुए अब अस्पताल में डिजिटल डिस्प्ले लगाने विधायक भोलाराम साहू ने अनुशंसा की है ताकि ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टरों द्वारा नियमित रूप से मरीजों का ईलाज हो सके।

# पहला कॉलम...

## दीनदयाल (दीनू) साहू बने छुरिया सरपंच संघ के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। जिला के विकास खंड छुरिया में सरपंच संघ के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिसमें सरपंच संघ के अध्यक्ष के लिए दीनदयाल (दीनू) साहू को मनोनीत किया गया ।बता दें कि ग्राम पंचायत करमरी में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में भी दीनदयाल साहू ने शानदार जीत दर्ज किया था। दीनदयाल साहू भा.पि.व.मो.राजनांदगांव के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष भी हैं। सरपंच संघ के अध्यक्ष बनने पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है।

## झंडी के तोरण में बुरी तरह फंस गए बंदर के बच्चे को आम जनों के सहयोग से प्रशासन की टीम न रेस्क्यू किया



डोंगरगढ़(दावा)। मंगलवार की शाम रेलवे चौक में एक दिल को छू लेने वाला वाकया हुआ, जब रेलवे चौक स्थित विजय उपहार गृह की मिठाई दुकान की छत पर एक बंदर का बच्चा झंडी के तोरण में बुरी तरह फंस गया। फॉरेस्ट विभाग, विद्युत विभाग और स्थानीय टीम ने मिलकर इस बच्चे का सफल रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित बचा लिया।

## प्रकाश यादव, विश्वनाथ यादव, डॉ.तिवारी रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत








### नियुक्ति पर सांसद संतोष पांडे का आभार जताया

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मन्दिर के प्राचार्य एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य प्रकाश यादव एवं वरिष्ठ नागरिक विश्वनाथ यादव पूर्व एस. एम. डोंगरगढ़ एवं अध्यक्ष यादव समाज श्री राधा कृष्ण मन्दिर, श्री नारायण सेवा समिति, श्री शिवराम मंदिर जयस्तंभ चौक को रेल्वे स्टेशन डोंगरगढ़ के सलाहकार समिति में सदस्य मनोनित किया गया है। रेलवे सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों में डॉ. महेश तिवारी , सुभाष अग्रवाल ट्रस्टी, श्रीमति अलका सहारे पूर्व पार्षद शामिल है। सभी नवनियुक्त सदस्यों ने सांसद संतोष पांडे का आभार जताया है। सभी रेल यात्रीगणों से निवेदन किया गया हैं कि अपना सुझाव व शिकायत हम तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सकें।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर नवीन एवं बैकलॉग रिक्तियों की पूर्ति के लिए प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा नियुक्ति के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी लाल द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी एवं योग्यताधारी अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 जून 2025, रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है, इसके बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे।

नियुक्ति हेतु प्रथम प्राथमिकता प्रतिनियुक्ति को दी जाएगी। यदि प्रतिनियुक्ति हेतु पर्याप्त आवेदन नहीं प्राप्त होते हैं, तो रिक्त पदों की पूर्ति संविदा के माध्यम से की जाएगी।

# कटिया मारकर की जा रही गांव में बिजली चोरी

## बुढ़ासागर के पूर्व सरपंच कुवरिया जती पटेल सहित अन्य कर रहे बिजली चोरी

गंडई पंडरिया (दावा)। इन दिनों खुलेआम और बे-रोकटोक बिजली चोरी की जा रही है। नगर के नजदीकी ग्राम बूढ़ासागर में पूर्व सरपंच कुवरिया जती पटेल के द्वारा अवैध कनेक्शन लेकर बिजली की चोरी की जा रही और इन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। जिससे बिजली चोर खुलेआम बिजली खंभों के तारों में कटिया डाल बिजली की चोरी कर रहे हैं। ऐसे में बिजली के तारों में अधिक लोड होने से आए दिन लाइन में कहीं फाल्ट हो रहा है तो कहीं तार टूटकर जमीदौश हो रहे हैं। जिसका खामियाजा गांव के ही लोगो को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे लोग बिजली विभाग को चुना लगा रहे है। लेकिन इस ओर बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों का रोस्टर तो रोज बनता बिगड़ता रहता है इसी में कटियामारो की ऐसी मेहरबानी होती है की चोरी करने से बाज नहीं आते कटिया मारकर अवैध बुकिंग कर कनेक्शन लेने का चलन बहुत फलफूल रहा है। गांव में शाम होते ही कटियामार शुरू हो जाती है। इसमें पूर्व सरपंच से लेकर उसके सहयोगी भी पीछे नहीं है। नगर के नजदीकी ग्राम बूढ़ा सागर में ऐसा मंजर देखने को मिल जाएगा, विद्युत कर्मचारी को जानकारी होने के बाद भी अनदेखा करते हैं जिसके कारण सामान्य कनेक्शनधारी जो बल्ब, पंखा व कूलर का इस्तेमाल करते हैं, उधर कटिया लगाने वाले आराम से बिजली का भरपूर उपयोग करते हैं, फिर भी विभाग का ध्यान नहीं है।




> कनिष्ठ अभियंता हरिप्रसाद जंघेल गंडई का कहना है कि मैं स्वयं निरीक्षण करने जाऊंगा और मौके पर कार्यवाही करूंगा, अगर ऐसी बात है, तो विद्युत चोरी का मामला बनेगा। पूर्व में भी उक्त व्यक्ति ईट भट्ठा में अवैध हूकिंग कनेक्शन लेकर गलत तरीके से बिजली चोरी का संचालन कर रहा था, डिमांड पेनाल्टी भी लिया गया था, अब और शिकायत मिली है, इस और ध्यान दिया जाएगा।

# बाड़ी में कार्यरत मजदूर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

छुरिया (दावा)। केला बाड़ी में कार्यरत मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। मजदूरों ने उसे घायल अवस्था में तत्काल छुरिया अस्पताल लाया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।



मिली जानकारी अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आमगांव में स्थित बग्गा केलाबाड़ी में कार्यरत मजदूर मृतक भागवत यादव पिता दुकल्हा यादव उम्र 42 वर्ष निवासी बोरई जिला दुर्ग, रोज की भांति केला बाड़ी में मजदूरी कार्य कर रहा था कि अचानक दोपहर को मौसम ने करवट बदला और तेज आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगा। जिसकी चपेट में आने से मजदूर बुरी तरह घायल हो गया। तत्काल उसे 108 की मदद से छुरिया अस्पताल लाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

### विधायक ने मजदूर की मौत पर जताया शोक

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में जीवन दीप समिति की बैठक में उपस्थित खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को जैसे ही खबर लगी बिजली गिरने से मजदूर की मौत हो गई है वे बैठक छोड़कर उनके परिजनों के बीच पहुंचकर शोक जताया और वहां उपस्थित एसडीएम श्रीकांत कोर्राम को आर.बी.सी. के तहत प्रकरण तैयार कर उचित मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया।

## आज सदगुरु कबीर प्रगट उत्सव लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में आज 11 जून को सदगुरु कबीर साहब प्रगट उत्सव कबीरपंथी समाज एवं समस्त साहू समाज के तत्वाधान में आयोजित है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे गुरु महिमा पाठ के साथ प्रारंभ होगा, 11 बजे से सदगुरु कबीर साहेब की शोभायात्रा आमीन माता कबीर भजन महिला मंडल खुटेरी के समुदुधुर भजनों के साथ होगा साथ ही सत्संग प्रवचन भी किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे से खुरसुनी देवरी से वाले साहेबजी का सत्संग का कार्यक्रम आयोजित है। संध्या 5 बजे से संध्या पाठ एवं शाम 7 बजे से सदगुरु भोजन भंडारा के साथ कबीर प्रगट उत्सव कार्यक्रम का सम्पन्न होना है। उक्त जानकारी सुरेन्द्र साहू ने दी है।

# साझा मंच ने सभी 33 जिलों में भ्रष्ट अधिकारियों की दस्तावेज सहित खोली पोल

राजनांदगांव (दावा)। युक्त युक्तिकरण में हुए व्यापक धांधली, अनियमितता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और प्रशासनिक दादागिरी के खिलाफ आज प्रदेशभर के शिक्षकों का गुस्सा सड़क पर दिखा।

प्रदेश संचालक जाकेश साहू ने बताया कि शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने आज राज्य के सभी 33 जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम सभी जिला कलेक्टरो को ज्ञापन सौंपकर युक्तयुक्तिकरण में हुए व्यापक भ्रष्टाचार, अनियमितता, भाई-भतीजावाद एवं धांधली के आरोपी सभी डीईओ एवं सभी बीईओ को बर्खास्त कर उन पर धोखाधड़ी एवं शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोपों में एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है।



## 0 संचालक मंडल की दहाड़, अन्याय बर्दास्त नहीं, युक्त युक्तिकरण रद्द कर 2008 का सेटअप लागू हो
## 0 सभी दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो, इन्हें तुरंत जेल भेजे सरकार

शिक्षक साझा मंच के सभी 23 प्रदेश संचालको ने आज बलरामपुर से लेकर सुकमा तथा राजनांदगांव से लेकर महासमुंद तक सभी जिलों में अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पूरे प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य सहित पोल खोल कर रखा तथा सभी जिलों में रैली निकालते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं सभी भ्रष्ट विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में बस्तर टाइगर प्रदेश संचालक केदार जैन ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सिंह गर्जना करते हुए विसंगतिपूर्ण युक्तयुक्तिकरण को तत्काल रद्द करने की मांग की। यहां सभी जिला संचालकों के साथ शिक्षक नेता केदार जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर युक्तियुक्तकरण को तत्काल रद्द कर 2008 का सेटअप लागू करने की मांग की।

इसी प्रकार बिलासपुर में प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा और भूपेंद्र बनाफर ने मांगों के संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की इसी जिला कड़ी में राजधानी रायपुर जिला मुख्यालय में प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे एवं राजनारायण द्विवेदी ने अपने साथी शिक्षकों के साथ कलेक्टर परिसर में नारेबाजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

दुर्ग जिले में साझा मंच के प्रदेश संचालक विकास राजपूत, जाकेश साहू, धर्मदास बंजारे एवं विष्णु प्रसाद साहू की अगुवाई जिले के शिक्षकों ने स्थानीय राजेंद्र पार्क में एकत्रित होकर सबसे पहले संबंधित सभी पीड़ित शिक्षकों से उनकी समस्याएं सुनी, सभी से आवेदन लिया गया, फिर मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

इसी प्रकार कोरबा में गिरीश केशकर, कवर्धा में कमलदास मूरचले, सारंगढ़ में लैलूंन कुमार भरद्वाज, प्रदीप कुमार लहरे, मोहला में शंकर साहू, बलौदाबाजार में विक्रम राय, चेतन बघेल, इसी प्रकार प्रदेश संचालक प्रदीप पांडे, भूपेंद्र गिलहरे, अनिल टोप्पो आदि ने अलग-अलग जिलों में रैली का नेतृत्व करते हुए ज्ञापन सौंपा।

# केसीजी पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक किया



## जनजागरूकता में लोगों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने व दोपहिया वाहन में तीन सवारी ना चलने की हिदायत दी गई

खैरागढ़ (दावा)। जिला पुलिस केसीजी द्वारा एक ओर लगातार समझाईश देते हुए चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर आम पब्लिक में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज जय स्तंभ चौक छुईखदान में जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने/शराब सेवन कर वाहन न चलाने/बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने/मालवाहक वाहनों पर सवारी न ले जाने तथा नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने न देने दिनांक - 01.04.2019 के पूर्व के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने, राहवीर (गुड सेमेरिटन) तथा दुर्घटना में घायल का नगद रहित इलाज के संबंध में जानकारी एवं समझाईश दिया गया, तथा यातायात से संबंधित सुगम, निर्बाध, सुव्यवस्थित आवागमन सुचारु रूप से संचालन किये जाने हेतु अपील की जा रही है।

# रुसे जलाशय के नहर लाइनिंग के कार्य का निरीक्षण में पहुंची विधायक

डोंगरगढ़(दावा)। रुसे जलाशय के नहर लाइनिंग के कार्य निर्माण में ठेकेदार द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल कार्यस्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक ने मौके पर पाया कि पूरा नहर लाइनिंग का कार्य बहुत घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा है। जो कि अभी पूर्णतः बनकर कंप्लीट नही हुआ है और अभी से गिरने लगा है। कही पे कांक्रीट फट रहे है तो कही का पूरा कांक्रीट भरभरा कर नीचे गिर जा रहा है।



## पाई गई अनियमितता पर रोष व्यक्त कर ठेकेदार व अधिकारियों को लगाई फटकार

विधायक श्रीमती बघेल का कहना है कि, अभी बरसात से पहले यह हाल है तो फिर जब बरसात में तो पूरा बह जाएगा। जो नया पुल का निर्माण हो रहा है उसमे भी छड़ की क्वालिटी बहुत ही घटिया है और पतले तार के जैसी है। जिसमें पुल की ज्यादा दिन तक टिकने की संभावना ही नही दिख रही है। निर्माण की यही स्थिति रही तो ग्रामीण और किसानो को न तो नहर लाइनिंग का फायदा मिलेगा न तो नवीन निर्माणाधीन पुल का।

निर्माण स्थल का जायजा लेने मौके पर पहुंची विधायक श्रीमती बघेल ने उपस्थित अधिकारी व ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सभी कार्यो की विस्तृत जानकारी व मटेरियल गुणवत्ता की जानकारी माँगी। साथ यह कार्य सही गुणवत्ता के साथ नही हुई तो यह ठीक नही होगा और जो विभागीय अधिकारी है उनको आदेशित करते हुए कहा कि आपकी जिम्मेदारी है कि निरीक्षण कर ठेकेदारो पर ध्यान देकर कार्य को सही ढंग से पूर्ण कराए यह नही की ठेकेदार अपनी मनमानी कर कुछ भी मटेरियल डाल कर निर्माण में घोटालेबाजी न करें।

### शासन प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है - हर्षिता स्वामी बघेल

निर्माण कार्य को देखकर अपनी प्रतिक्रिया में श्रीमती बघेल ने कहा कि शासन प्रशासन पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। निर्माण कार्य से आम नागरिक को सुविधा होनी चाहिए। लेकिन ऐसे निर्माण कार्य से ग्रामीण और आम नागरिक को कोई लाभ नही मिलेगा।

# सभापति सुमित ताम्रकार के संघर्षरत प्रयासों से सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ



डोंगरगढ़ (दावा)। शिवाजी वार्ड नं 23 डोंगरगढ़ वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग शहीद द्वार से पशुपतिनाथ मंदिर से चौथनाखार तक सड़क बहुत जर्जर हो गया था पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बताया कि सभापति एवं पार्षद सुमित ताम्रकार एवं मोहल्लेवासियों द्वारा लगातार इस रोड की मांग किया जा रहा था जिस पर प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर द्वारा सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा इस रोड की स्वीकृति प्रदाय किया गया। इसकी गिट्टियां उखड़ गई थी, रॉड निकल गए थे। जिससे बाइक जाना भी मुश्किल था।

यह रोड पर्यटन के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण शहर के प्राकृतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह मार्ग शहीद संजय शर्मा शहीद स्थल, भर्रीटोला डैम, चुनागोटा जल प्रपात, लोढ़ा झरना, प्रतिकृति घाटी खोलरघाट, कहुवा पानी व लिंगनगढ़ जंगल जहां से निगो डैम बहुत ही मनोरम दृश्य देखा जा सकता है पर्यटन के दृष्टिकोण से घूमने के लिए बहुत ही मनभावक स्थल है पहुंचने में सरलता मिलेगी।

### वर्षों बाद रोड बनने से मोहल्लेवासियों में हर्ष

भाजपा का शासन आते ही सभापति सुमित ताम्रकार द्वारा वार्डवासियों की महत्वपूर्ण मांग होने के कारण पूरी ताकत लगाकर सड़क डामरीकरण के लिए लग गए और अंततः स्वीकृति कराकर ही माने कई बार कांग्रेस के कार्यकाल में वार्डवासियों के साथ आंदोलन भी किए, वार्डवासियों की उपस्थिति में गुणवत्ता के साथ काम करा रहे है। इस अवसर पर आनंद मिश्रा, संजय सेलोकर, पप्पू राजपूत, सत्यम यादव, पंडित उमेश तिवारी, राजेश शुक्ला, मुन्ना ठाकुर, प्रकाश राजपूत, सुरेश बहेकर, कन्हैया यादव, राजू गजेंद्र, शेखर विश्वकर्मा, हेमंत मंडावी आदि उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## भूकंप के झटकों से कांप उठी फिलिपिंस की धरती

नई दिल्ली। भूकंप की वजह से एक बार फिर धरती कांप उठी. फिलिपिंस के केलाटागन से लगभग 18 किलोमीटर दूर भूकंप के झटके महसूस किए गए. स्थानीय समय के मुताबिक यहां 10 जून की रात 12 बजे के करीब भूकंप आया. अहम बात यह है कि इसकी वजह से किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है. फिलिपिंस से पहले चीन, भारत, तिब्बत और ग्रीस में भी भूकंप आ चुका है.

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक कैलाटागन के पास आए भूकंप की वजह से किसी नुकसान की खबर नहीं है. हालांकि इसकी वजह से लोग जरूर दहशत में आ गए. इससे पहले कोलंबिया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. कोलंबिया की राजधानी बोगोटा से करीब 170 किलोमीटर दूर 6.3 की तीव्रता का भूकंप आया था. जबकि फिलिपिंस में भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई. बीते दिनों ग्रीस में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. ग्रीस में 22 मई को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया है, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई. जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीस के क्रेते के तट के पास 6.0 तीव्रता का भूकंप आया. जर्मन रिसर्च सेंटर ने बताया कि भूकंप क्रेते के उत्तर-पूर्व में एलौंडा से 58 किमी दूर और 60 किमी गहराई में था. इसके कारण यूरोपीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी भी जारी की.

## अमेरिका ने चीनी वैज्ञानिक को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। अमेरिका में एक बार फिर से एक चीनी वैज्ञानिक को गिरफ्तार किया गया है. आरोप है कि वह जैविक सामग्री की अवैध तस्करी कर रहा था. वैज्ञानिक चीन से अमेरिका के डेट्रॉइट एयरपोर्ट पहुंची थी और उसके पहुंचते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले भी अमेरिका ने दो चीनी वैज्ञानिकों को गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई. इस बार गिरफ्तार किए गए वैज्ञानिक का चीन की वुहान लैब से कनेक्शन हो सकता है.

सीएनएन की एक खबर के मुताबिक चीनी वैज्ञानिक पर जैविक सामग्री की तस्कीर का आरोप लगा है. वह वुहान की हुआझोंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी कर रही है. वह एक रिसर्च प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मिशिगन यूनिवर्सिटी आई है. इस वैज्ञानिक पर आरोप लगा है कि वह सरकार की अनुमति के बिना कीड़ों से जुड़ी जैविक सामग्री यूनिवर्सिटी की एक लैब में भेज चुकी है. अमेरिकी अटॉर्नी जेरोम गोरगन जूनियर ने कहा कि इस तस्करी की वजह से अमेरिका को खतरा है. वहीं स्नक्कढ्ढ ने कहा कि पिछले साल और इस साल की शुरुआत में उसकी एक किताब के अंदर लिफाफा मिला था, जिसे खोला गया तो जैविक सामग्री मिली थी.

## 1.08 लाख के पार पहुंची चांदी

नई दिल्ली। निवेशकों को पिछले 2 सालों में सोने और चांदी ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। रिटर्न के मामले में इन दोनों कीमती धातुओं ने स्टॉक मार्केट को भी पीछे छोड़ दिया है। इस साल अभी तक सोने में अच्छी तेजी दर्ज की गई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में चांदी की चमक तेज हो गई है। दिल्ली में चांदी का भाव 1.08 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। यह अपने आप में नया रिकॉर्ड है। हालांकि, कमोडिटी एक्सपर्ट का मनना है कि यह तो बस शुरुआत है। चांदी साल के अंत तक लंबी छलांग लगाएगी। आइए जानते हैं कि दिवाली तक सोने और चांदी का भाव कहां तक पहुंचने की उम्मीद एक्सपर्ट लगा रहे हैं। सर्राफा बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि दिवाली तक चांदी की कीमत 1.15 लाख से 1.25 लाख प्रति किलोग्राम पहुंचने का अनुमान है। यह इंडस्ट्रियल और घरेलू मांग में इजाफा के कारण होगा। वहीं सोने का भाव भी दिवाली तक 1.02 लाख प्रति 1. ग्राम तक पहुंचने का अनुमान है। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में चांदी सोने के मुकाबले ज्यादा रिटर्न देगी।

## शेयर बाजार में लगातार 5वें दिन तेजी

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज लगातार 5वें दिन अच्छी तेजी है। बीएसई सेंसेक्स 136.65 अंक उछलकर 82,581.86 अंक पर खुला है। इसी तरह एनएसई निफ्टी 54.75 अंकों की तेजी के साथ 25,153.60 अंक पर पहुंच गया है। स्टॉक मार्केट में आरबीआई की पॉलिसी के बाद लगातार तेजी बनी हुई। रेपो रेट में कटौती से बैंकिंग स्टॉक्स में अच्छी तेजी है। बैंक निफ्टी रिकॉर्ड हाई पर ट्रेंड कर रहा है। अगर चढ़ने वाले स्टॉक पर नजर डालें तो अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, आईटीसी आदि में तेजी है। वहीं टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन और एशियन पेंट्स में गिरावट हैं।

आपको बता दें कि स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ था। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही।

# महेन्द्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हॉल ऑफ फेम में किया शामिल



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की।

धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसीने धोनी के करियर को लेकर कहा, ÷17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच... ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।÷

आईसीसी की ओर से हॉल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं।

आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत ह्रष्ठढ्ढ वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में ञ्20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और रॉबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हॉल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ÷इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।÷

धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीनों आईसीसी ट्रॉफी - 2007 ञ्20 वर्ल्ड कप, 2011 आईसीसी वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। हालांकि उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन ढ्ढक्करु में अब भी खेल रहे हैं।

# लॉस एंजेलिस में बढ़ा तनाव, ट्रंप ने उतारे 700 जवान

नई दिल्ली। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में तनाव बढ़ता ही जा रहा है। ट्रंप सरकार के एक्शन के बाद से विरोध प्रदर्शन अब काफी उग्र हो गया है। इस बीच ट्रंप ने नेशनल गार्ड्स को फिल्ड में लाने का फैसला किया है। फिलहाल इस फैसले से आग और भी भड़क गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रदर्शन के बाद 700 मरीन की टेम्परारी तैनाती का ऑर्डर दिया है। ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के साथ यही हो सकता है, तभी उनसे सख्ती से निपट पाएंगे। ट्रंप ने कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम को अरेस्ट करने की धमकी भी दी है।



वहीं, लॉस एंजेलिस में स्टोर की लूट तस्वीर बताती है कि हालात कितने खराब हैं। अब सिर्फ नेशनल गार्ड्स से काम नहीं चल रहा है। लिहाजा ट्रंप सरकार ने अब यूएस आर्मी के लगभग 700 मरीन को लॉस एंजेलिस की सड़कों पर उतार दिए हैं। ये मरीन कैलिफोर्निया के मरीन कॉर्प्स एयर ग्राउंड कॉम्बैट सेंटर के दस्ते से हैं। ट्रंप द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन पर डेमोक्रेट्स द्वारा उनका राजनीतिक विरोध हो रहा है, जो मरीन बटालियन की तैनाती से और ज्यादा बढ़ेगा। ये मरीन, नेशनल गार्ड्स के साथ मिलकर काम करेंगे। लॉस एंजिल्स में हो रहे विरोध प्रदर्शन का यह चौथा दिन था। यहां माइग्रेंट्स को कैद में रखे जाने वाले एक डिटेंशन सेंटर के सामने कई लोगों का जमावड़ा हो गया।

## पीएल के पहले अश्वेत रेफरी उरीया रेनी का निधन

नई दिल्ली। प्रीमियर लीग के पहले अश्वेत रेफरी उरीया रेनी का निधन हो गया है। वह 65 वर्ष के थे। शेफ़ील्ड एंड हैलमशायर काउंटी फुटबॉल एसोसिएशन ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, हमें अपने पूर्व अध्यक्ष और अग्रणी रेफरी उरीया रेनी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है।÷ बयान में कहा गया, ÷उरीया ने प्रीमियर लीग के पहले अश्वेत रेफरी के रूप में इतिहास रचा, उन्होंने 1997 से 2008 के बीच 300 से अधिक शीर्ष मैचों में रेफरी की भूमिका निभाई। उन्होंने बाधाओं को तोड़ा, हमारे फुटबॉल समुदाय को आकार दिया और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। जमैका में जन्मे इस अधिकारी का पालन-पोषण उत्तरी इंग्लैंड के शेफ़ील्ड में हुआ और उन्होंने सैकड़ों मैचों की देखरेख की, जब उनकी नियुक्ति अगस्त 1997 में डर्बी में विंबलडन की मेजबानी के समय हुई थी।

# अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में स्थान सुनिश्चित किया

यूरो ट्रॉफी । दस वर्षीय भारतीय रेसिंग सनसनी अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी, एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग श्रृंखला में शीर्ष-10 में जगह बनाकर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली। अक्सेल जीपी-समर्थित ड्राइवर ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी राउंड 2 में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला 1 से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका ने अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहते हुए शानदार क्वालीफाइंग किया। उसे दो बम्पर पेनल्टी का दुर्भाग्य मिला, लेकिन इसके बावजूद, वह तीन हीट्स के बाद 10वें स्थान पर रही। रविवार को प्री-फाइनल में, आसमान खुल गया और इस ट्रैक पर गीले मौसम में ड्राइविंग का कोई पूर्व अनुभव नहीं होने के बावजूद, अतीका ने अपनी असाधारण प्राकृतिक प्रतिभा दिखाई और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ कड़ी टक्कर दी।



अतीका, जिसे भारत के पहले फॉर्मूला 1 ड्राइवर नारायण कार्तिकेयन द्वारा सलाह दी जाती है, फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई और ग्रिड पर 10वें स्थान पर रही।

फाइनल और भी अधिक खतरनाक गीले परिस्थितियों में आयोजित किया गया था और अतीका एक बार फिर शीर्ष फॉर्म में थी। शुरुआत में चार स्थान गिरने के बाद, वह नौवें स्थान पर वापस लौटी। अतीका अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली भारतीय और एशियाई बनीं। सप्ताहांत पर विचार करते हुए, अतीका ने कहा : वह एक अद्भुत सप्ताहांत था, मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे में मेरी गति बहुत अच्छी थी और गीले में मेरी प्रगति अच्छी थी। टीम और मेरे मैकेनिक एडम ने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा काम किया और मैं उनके, मेरे माता-पिता और घर पर सभी लोगों का आभारी हूँ।

# महिला अंपायर से बदतमीजी करने पर रविचंद्रन अश्विन को लगा जुर्माना

नई दिल्ली। डिंडीगुल ड्रेगन के कप्तान रविचंद्रन अश्विन को 2025 के एक मैच में महिला अंपायर से बहस करने करना भारी पड़ गया हैं। अश्विन खुद के आउट होने के बाद अंपायर के फैसले से नाखुश नजर आए थे। मैच में तिरुप्पुर तमिजंस की टीम के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उन्हें सजा मिली है।



क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिंडीगुल ड्रैगन्स की 9 विकेट से हार के बाद मैच रेफरी अर्जन कृपाल सिंह ने अश्विन को सजा सुनाई। अश्विन ने आउट का फैसला लेने वाली अंपायर कृतिका से बहस की थी, जिसके लिए उन पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था।

इसके अलावा, उपकरण का दुरुपयोग करने के लिए उन पर मैच फीस का 20 प्रतिशत फाइन लगा। डिंडीगुल ड्रैगन्स के कप्तान ने प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया है लेकिन कोयंबटूर के एसएनआर कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में हुई घटना पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

डिंडीगुल ड्रेगन के कप्तान अश्विन ने तिरुप्पुर तमिजंस के खिलाफ खेले गए मैच में पांचवें ओवर मेंबाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया था। गेंद मिस होने पर उन्हें आउट दे दिया गया।

# निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास लेने का चौंकाने वाला फैसला किया है। उनका ये फैसला दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही दिनों बाद आया है।



पूरन और हेनरिक दोनों ही खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। अब दोनों के संनयास के फैसले ने फैंस को हैरान कर दिया हैं। बता दें कि पूरन फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

29 साल की उम्र में निकोलस पूरन ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से संन्यास का एलान किया। उन्होंने सोमवार यानी 9 जून की देर रात को ये चौंकाने वाला एलान किया। पूरन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ÷काफी सोचने और विचार-विमर्श करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने का फैसला किया है। यह खेल जिससे हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा - खुशी, उद्देश्य, अविस्मरणीय यादें, और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका। वह मैरून जर्सी पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़े होना, और हर बार मैदान पर उतरते समय अपना सब कुछ देना... इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। टीम का कप्तान होना एक ऐसा सौभाग्य है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन फैंस के लिए- आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल पलों में मुझे सहारा दिया और बेहतरीन जुनून के साथ अच्छे पलों का जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के लिए मैं कहना चाहूंगा कि मेरे साथ चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इन सब के माध्यम से आगे बढ़ाया। वेस्टइंडीज के दिग्गज निकोलस पूरन ने टी20ढ्ढ में कुल 106 मैच, वनडे में 61 मैच खेले हैं। उन्होंने 61 वनडे मैचों में 3 शतक और 11 अर्धशतक की मदद से 1983 रन बनाए। वहीं, 106 टी20आई मैच खेलते हुए उन्होंने 97 पारियों में 13 अर्धशतकीय पारियों की मदद से 2275 रन बनाए। उनके नाम वनडे में 61 मैच की 7 पारियों में 6 विकेट लेने का भी रिकॉर्ड हैं। निकोलस पूरन ने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

# विराट कोहली पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर का विवादित बयान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के टीम के पूर्व कप्तान और सबसे दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया तो इस खबर ने दुनियाभर के फैंस और क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया. क्रिकेट फैंस से लेकर पूर्व खिलाड़ी तक इस रिटायरमेंट के पीछे की वजह को तलाशने लगे. इन सब के बीच इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का विवादित बयान भी चर्चा में है, जिसमे उन्होंने कोहली के टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का असली कारण बताया है.





मोंटी पनेसर ने कहा, च्कोहली ऑफ स्टंप के बाहर आने वाली गेंदों पर पिछले 12 से 18 महीनों से काफी संघर्ष करते दिख रहे थे. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी परिस्थितियों में बाहर की बॉल को खेलना और भी बड़ी चुनौती हो जाती है जब गेंद में ज्याद उछाल और ज्यादा स्विंग करती है तो उसे खेलना और भी कठिन हो जाता है. मुझे लगता है कि कोहली को यह लगने लगा होगा कि वह अब वो अपनी कमजोरी को दूर नहीं कर सकते हैं इसलिए उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर वनडे मैच में फोकस करने का फैसला लिया है. गौरतलब है कि 2014 में भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में विराट कोहली को जेम्स एंडरसन ने बार-बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर ही खासा परेशान किया था. हालांकि,उसके बाद कोहली ने 2018 की सीरीज में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड में रन बरसाए थे, लेकिन मोंटी का मानना है कि अब कोहली की उम्र और उनका फॉर्म देखते हुए पहले जैसा प्रदर्शन दोहराना बहुत मुश्किल हो गया है.

पनेसर ने आगे कहा, च्विराट को यह भी लगता है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अब अपना सर्वश्रेष्ठ दे दिया है. वह इस फॉर्मेट के शानदार खिलाड़ी रह चुके हैं जिनके कारण फैंस ने वापस टेस्ट क्रिकेट देखना चालू किया. अब उन्हें लगता है कि यह नए युवा खिलाड़ियो के लिए अपनी जगह के बनाने का सही समय है हालांकि, इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने खुद अपने करियर में कुछ खास नहीं किया है. पनेसर खुद कई बार रन बनाने के लिए जूझते नजर आए हैं. वह इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट मैच खेल चुके हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है न ही उन्होंने टीम में कुछ खास योगदान दिया हैं.

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पंचतत्व में विलीन हुए बलिदान....**

है। उन्होंने रायपुर से ही स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। वे पूर्व कांग्रेस पार्षद के भतीजे थे। वे छत्तीसगढ़ पुलिस के सबसे बहादुर जवानों में से एक थे, जिन्होंने मानपुर-मोहला और सुकमा जैसे वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दीं थी। लंबे समय बाद छत्तीसगढ़ में किसी अधिकारी की शहादत हुई है। छत्तीसगढ़ में ये तीसरी और बस्तर की दूसरी घटना है। जिसमें एडिशनल एसपी लेवल के अधिकारी बलिदान को प्राप्त हुए हैं। साल 2001 में एडिशनल एसपी भास्कर दीवान वीरगित प्राप्त हुए थे। साल 2011 में राजेश पवार गरियाबंद आईईडीब्लास्ट में शहादत को प्राप्त हुए थे। 9 जून 2025 को अब सुकमा कोंटा एएसपी आकाशराव गिरपूंजे बलिदान हुए। कोन्टा-एर्राबोरा मार्ग पर नक्सलियों की ओर से पोकलेन मशीन को फूंकने की सूचना पर कोंटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपूंजे अपने साथ एसडीओपी और थाना प्रभारी को लेकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए थे। वहीं नक्सली अपने पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत घात लगाकर बैठे थे। वो जानते थे कि जवान मौके पर जरूर आयेंगे। इसी बात का अंदेशा लगाते हुए नक्सलियों ने आईडी लगाकर रखा था। जैसे ही एएसपी मौके पर पहुंचे कि वो आईईडी की चपेट में आ गए।

**कर्नाटक हाईकोर्ट से आरसीबी को....**

ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब केस को सीआईडी को सौंपा गया था, तब अचानक सीसीबी ने बीच में आकर गिरफ्तारी क्यों की। कोर्ट ने पूछा, जब सभी को पता था कि जांच सीआईडी कर रही है, तो फिर सीसीबी की सुबह-सुबह की इस कार्रवाई का आधार क्या था? वकील चौटा ने गिरफ्तारियों के समय और प्रक्रिया में अंतर का भी उल्लेख किया और बताया कि एक फ्रीलांसर के साथ-साथ सोसले को भी 6 जून की सुबह गिरफ्तार किया गया और उसके तुरंत बाद 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने पूछा, सीसीबी को किस कानूनी प्रक्रिया के तहत इस मामले में हस्तक्षेप की अनुमति दी गई? बता दें कि आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद आरसीबी ने बेंगलुरु में जश्न मनाने के लिए विक्ट्री परेड के आयोजन की घोषणा की थी, जिसके बाद वहां भारी संख्या में क्रिकेट फैंस पहुंच गए और हालात बेकाबू हो गए। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई।

**चीफ जस्टिस गवाई बोले.....**

के लिए नहीं, बल्कि उसे बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, खासकर सोच-समझकर फैसले लेने और हर मामले को अलग-अलग देखने में। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वचालिक प्रणाली (ऑटोमैटिक सिस्टम) न्यायिक सोच की जगह न लें, बल्कि उसकी मदद करें।

जस्टिस गवई ने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानून प्रणाली की रीढ़ का प्रतिनिधित्व करती है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें, भले ही उनकी सामाजिक-आर्थिक, भौगोलिक या व्यक्ति स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि ऐसे देश में जहां दो-तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं-मातृभाषाएं बोली जाती है, वहां अदालतों तक बराबर पहुंच देना केवल सांविधानिक ही नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है।

**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से....**

का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। 0 धमकी में संवेदनशील मुद्दों का किया गया उल्लेख पुलिस सूत्रों के अनुसार, ईमेल abdia@outlook.com' आईडी से भेजा गया था। इसमें 'मद्रास टाइगर्स फॉर अजमल कसाब' नामक संगठन का उल्लेख था, जो अभी तक किसी भी आधिकारिक रिकॉर्ड या खुफिया रिपोर्ट में सामने नहीं आया था। संदेश में अजमल कसाब को दी गई फांसी, कुछ मुसलमानों की हिरासत और कथित अन्यायपूर्ण कार्रवाइयों को इस हमले की वजह बताया गया। ईमेल में धमकी देने वाले ने इसे पवित्र मिशन बताया और चेतावनी दी कि भारतीय न्यायपालिका को सबक सिखाया जाएगा। यह ईमेल सांप्रदायिक सौहार्द्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। इस गंभीर मामले को लेकर चकरभाठा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और यूएपीए (अनलॉफुल एक्टीविटीज प्रीवेन्शन एक्ट) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही राज्य और केंद्रीय एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। साइबर सेल इस ईमेल की उत्पत्ति और आईपी ऐड्रेस की जांच कर रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ईमेल किसी विदेशी सर्वर से भेजा गया हो सकता है। एसएसपी रजनेश सिंह ने मीडिया को बताया, हमने प्राथमिक जांच पूरी कर ली है और किसी तरह का विस्फोटक नहीं मिला है, पर हम इस मामले को अत्यधिक गंभीरता से ले रहे हैं। पूरी साइबर जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद ली जा रही है। इस घटना के बाद हाईकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को पहले से अधिक मजबूत कर दिया गया है। परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। कोर्ट आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसके साथ ही जजों और महत्वपूर्ण अधिकारियों को अस्थायी रूप से विशेष सुरक्षा प्रदान की गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना साइबर आतंकवाद की ओर इशारा करती है। सुरक्षा विश्लेषक संदीप मिश्रा का कहना है कि, यह केवल एक धमकी नहीं है, बल्कि दबाव बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा जांच एजेंसियों को इसे प्राथमिकता पर लेकर कार्य करना चाहिए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को मिली धमकी भले ही झूठी निकली हो, लेकिन यह घटना यह संकेत देती है कि भारत की न्यायिक और संवैधानिक संस्थाएं भी अब आतंकवाद और साइबर अपराध के निशाने पर हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के सामने अब यह चुनौती है कि इस ईमेल के पीछे छिपे व्यक्तियों या संगठनों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने की पुख्ता व्यवस्था की जाए।

**अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं करेंगे...**

में हैं और भारतीय नागरिकों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। भारतीय अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन ने 8 जून को भारतीय छात्र के साथ कथित खराब बर्ताव का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा कि मैंने कल रात न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे से एक युवा भारतीय छात्र को निर्वासित होते देखा । उसको ऐसे हथकड़ी लगाई गई थी, जैसे वह कोई खूंखार अपराधी हो। वह रोकर अपनी सफाई देता रहा लेकिन उसकी नहीं सुनी गई। जैन की ओर से ये वीडियो शेयर किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर इस मुद्दे पर बहस छिड़ गई।

**राजनाथ की दुनिया को दो टूक- पाक....**

नहीं है। अब 370 हटने के बाद वह भारत से पूरी तरह इंटिग्रेट हो गया है। जम्मू-कश्मीर में लाखों पर्यटक आए। जमीनी स्तर पर वहां सुशासन दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर को भारत का मस्तक कहा जाता है, जब यह मस्तक चमकने लगा तो पड़ोसी को चमक बर्दाश्त नहीं हुई और उसने आतंकी वारदात को अंजाम दिया। आतंकियों को तो हमने जवाब दे दिया, लेकिन इस तरह की घटना भविष्य में न हो, यह भारतीय सुरक्षा से जुड़ा अहम मुद्दा है। अब जनता के स्तर पर भी सतर्क होने का समय आ गया है। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा अभिशाप है।

उन्होंने कहा, मानवीय सभ्यता के सबसे अहम मूल्यों का यह दुश्मन है। आतंकवाद हमारे लोकतंत्र और सह-अस्तित्व के समक्ष बड़ा खतरा है। यह विकृत मानसिकता है। मानवता पर कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के मूलभूत मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। मानवता के सामने जितनी भी भयावह बीमारियां आईं, वह देर-सवेर खत्म हुईं। आतंकवाद भी महामारी है, उसे मरना ही है। लेकिन इसे अपनी मौत मरने को नहीं छोड़ा जा सकता। यह चुनौती देता रहेगा। इसलिए आतंकवाद की समस्या का अब स्थायी समाधान बहुत आवश्यक है।

रक्षा मंत्री ने कहा, इतिहास ने यह बार-बार साबित किया है कि आतंकवाद का कितना भी बड़ा लक्ष्य हो, वह सफल नहीं हो सकता। यह सोचना भी कदापि उचित नहीं है कि कोई आतंकवादी किसी देश के लिए स्वतंत्रता सेनानी हो सकता है। 2016 में इस्लामाबाद में दक्षेस सम्मेलन में मैंने यही बात मजबूती से रखी थी। आतंकवाद की कोख से क्रांति नहीं, बर्बादी और नफरत ही पैदा होती है। हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में, जबकि पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद को जन्म देने वाले के रूप में हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी इंसान अपनी जड़ों को उजाड़ना नहीं चाहता। पाकिस्तान के पास स्पष्ट दिशा नहीं है, इसलिए वहां आतंकवाद धंधा बन चुका है।

**टोंक में बनास नदी में बड़ा हादसा....**

और गमगीन माहौल के बीच मृतकों की पहचान की जा रही है। सभी युवक जयपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। एसपी विकास सांगवान ने हादसे को बेहद दुखद बताया और लोगों से अपील की कि वे नदी में नहाने के दौरान पूरी सतर्कता बरतें और बिना जानकारी के गहरे पानी में न उतरें। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है और अतिरिक्त गोताखोरों को बुलाया गया है। इस हादसे के बाद पूरे टोंक जिले में शोक की लहर है। प्रशासन ने मामले की गंभीरता से जांच और राहत कार्य तेज कर दिया है। पुलिस मृतकों के परिजनों से संपर्क कर रही है और लापता युवकों की तलाश में लगी है। इस हादसे में नौशाद (35) निवासी हसनपुरा, कासिम निवासी हसनपुरा, फरहान निवासी हसनपुरा, रिजवान (26) निवासी घाटगेट, नवाब खान (28) निवासी पानीपेच कच्ची बस्ती, बल्लू निवासी घाटगेट, साजिद (20) निवासी पानीपेच कच्ची बस्ती, नावेद (30) निवासी रामगंज बाजार की मौत हो गई, जबकि शाहरुख (30) निवासी घाटगेट, सलमान (26) निवासी घाटगेट, समीर (32)निवासी घाटगेट को बचा लिया गया है।

# भारत सरकार से मिला 50 लाख का प्रोजेक्ट - डॉ.वर्मा करेंगे हर्बल मेडिसिन पर रिसर्च

राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा को आईआईटी भिलाई के साथ सोराईसिस, कैंसर एवं सेल्फ हीलिंग के लिए प्रयुक्त होने वाले औषधीय पौधों से हर्बल मेडिसिन तैयार करने के लिए अनुसंधान कार्य करेंगे। इसके लिए भारत सरकार से 50 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में प्रोफेसर वर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का टाइटल ''छत्तीसगढ़ के सुदूर क्षेत्रों में उत्पाद विकास और वैज्ञानिक सत्यापन के माध्यम से औषधीय पौधों के स्वास्थ्य और वित्तीय प्रभाव विश्लेषण की खोज आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी के माध्यम से जनजातीय स्वदेशी ज्ञान को जोड़ना है। इसमें एकीकृत कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म विकसित करना जो जनजातीय औषधीय पौधों की वास्तविक समय की पहचान के लिए कंप्यूटर विज़न और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण का उपयोग करता है। प्लेटफ़ॉर्म में पौधे से जुड़े विस्तृत विवरण, पारंपरिक उपयोग और प्रसंस्करण अनुष्ठानों को प्रदान करने के लिए एक चैटबॉट सुविधा शामिल होगी, साथ ही एक प्लांट ट्रैकिंग सिस्टम भी होगा जहाँ उपयोगकर्ता संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने के लिए दुर्लभ पौधों के दिखने की रिपोर्ट कर सकते हैं। औषधीय पौधों की जानकारी को जनजातीय भाषा से हिंदी में प्रलेखित किया जाएगा ताकि यह व्यापक स्तर लोगो के लिए सुलभ हो सके।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में त्वचा रोग, घातक और गैर-घातक ट्यूमर, गठिया, हड्डी टूटने की समस्या और कुछ तंत्रिका तंत्र संबंधी रोग जैसे अल्जाइमर और मिर्गी के लिए चयनित औषधीय पौधों से संबंधित आदिवासी औषधीय ज्ञान का वैज्ञानिक दस्तावेज तैयार करना इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है। पादप घटकों वाले हर्बल फॉर्मूलेशन के सहक्रियात्मक प्रभावों का परीक्षण करने के लिए व्यापक नैदानिक परीक्षण और औषधीय अध्ययन आयोजित करना, उनकी सुरक्षा, प्रभावकारिता और आधुनिक चिकित्सा में एकीकरण की क्षमता सुनिश्चित करना, इन पौधों से हर्बल उत्पाद विकसित करने की वित्तीय व्यवहार्यता का पता लगाना, और स्वदेशी अधिकारों और जैव विविधता को संरक्षित करते हुए व्यावसायीकरण के लिए टिकाऊ मॉडल प्रस्तावित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। सके लिए भारत सरकर से 50 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इस कार्य में असाध्य बीमारियों जैसे कि सोराईसिस, कैंसर एवं पेट सम्बंधित समस्त विकार के लिए औषधीय पेड़-पौधों से वैज्ञानिक पद्धति से हर्बल मेडिसिन तैयार करना एवं उनका पेटेंट कराना शामिल है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न सुदूर जंगल एवं पिछड़े क्षेत्रो मे वहां के जनजातीय एवं अन्य समुदाय कई पीढ़ियों से पारम्परिक तरीको से कई असाध्य रोगों का इलाज करते आ रहे है और इलाज के बदले वहां के वैद्य गण बहुत ही सामान्य शुल्क लेते है। ऐसे गुणी जनो के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को ब?ाना एवं उनके परंपरागत उपचार पद्धति को दुनिया के सामने लाना ही इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य है। ज्ञात हो की इस प्रोजेक्ट के को पीआई डॉ.डाकेश्वर कुमार वर्मा को भारत के शीर्ष तीन प्रतिशत वैज्ञानिको की सूची मे शामिल किया गया है जिनको इस प्रोजेक्ट के वैज्ञानिक पहलु पर कार्य करने की महती जिम्मेदारी मिली है। डॉ.वर्मा एक किसान परिवार से है एवं मूलतः ग्राम घुमका के निवासी है जहा से उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी हुई है, इसलिए विश्वस्तर पर पहचान मिलने पर समस्त ग्रामवासियो मे हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. सुचित्रा गुप्ता, रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा, समस्त प्राध्यापगण एवं कर्मचारियों ने इस कार्य के लिए डॉ.वर्मा को बधाई दिया एवं खुशी जाहिर की है।

# कैलाश नगर विद्युत परिसर में ईडी शिरीष सेलट ने अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय परिसर में राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के मुख्य अतिथ्य में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण कर उनके सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

इस परिसर में उच्चाधिकारियों द्वारा छायादार व फलदार वृक्ष आंवला, जामुन, करंज, अमरूद, नीम सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि पेढ़-पौधे जलवायु को सुरक्षित रखकर ग्लोबल वार्मिंग से बचाती है।

पौधे लगाना ही हमारा दायित्व नहीं है, बल्कि इनकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए जाने चाहिए। इस दिशा में हम सबको ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। जो पौधे इस परिसर में रोपे गए हैं, उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता रविन्द्र कुमार गोस्वामी, सहायक अभियंता रोहित मंडावी, हिमांशु भूआर्य, प्रेम नारायण वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं का हो रहा अभिनंदन -किरण रविन्द्र वैष्णव



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व वाली सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत 16वी किश्त छत्तीसगढ़ के 69.30 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.24 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में जमा कर दी गई है।

यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई थी। निश्चित रूप से महतारी वंदन योजना से राशि से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है, उनकी छोटी-छोटी जरूरतें हो वो पूरी हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि मातृ शक्ति के सशक्तिकरण के लिए विष्णु देव साय की सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में हर महीने 1000 रू की राशि डीबीटी के माध्यम से महिलाएं के खाते में पहुंच जाती है।

साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा हमारे विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी ऋण योजना की शुरुआत की गई है। जिससे जिन महिलाओं की महतारी वंदन की राशि ग्रामीण बैंक में जमा होती है। उन महिलाओं को 25000 हजार रुपए तक लोन भी मिल सकता है। आज हमारा छत्तीसगढ़ नरेन्द्र मोदी व विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार में नये आयाम स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ फिर से विकास की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

# राजपूत समाज का आदर्श सामूहिक विवाह में 5 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





राजनांदगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति दुर्ग के तत्वाधान में 7 जून दिन शनिवार को प्रदेश स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकर नगर दुर्ग में सफलतापूर्वक एवं गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि समाज को फिजूल खर्ची से बचाने, राजपूत समाज के सभी सदस्यों को आदर्श सामूहिक विवाह में ही शादी करने जागरूक करने, राजपूत समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष किए जाते रहेंगे।

केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज के लोग चाहे वह आर्थिक रूप से सक्षम हो या निर्धन, सभी वर्ग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिना संकोच के बाहरी आडंबर एवं फिजूल खर्ची से बचने और विवाह में जो राशि की बचत होगी वह पुत्र पुत्री के भविष्य को बनाने में उपयोग हो सके। पांच जोड़े में चि. अजय संग सौ.का. आरती राजपूत, नारायण सग संगीता राजपूत, अजय सिंह संग शबनम राजपूत, हरेंद्र कुमार संग दीप्ति सिंह, कुंदन सिंह संग दुर्गा सिंह परिणय सूत्र में बंधे। शंकर नगर कुर्मी भवन से पांच लोगों की बारात एक साथ निकलकर महाराणा प्रताप मंगल भवन बैंड बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर बजरंग सिंह बैस केंद्रीय अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता उप समिति दुर्ग के अध्यक्ष ठा.नरेंद्र सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह राजपूत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज सिंह भुवाल उपाध्यक्ष, नीरज सिंह क्षत्रिय कोषाध्यक्ष, अशोक सिंह महासचिव, सत्येंद्र सिंह सहसचिव, अजय सिंह संगठन सचिव, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर प्रचार सचिव, मधुबाला सिंह महिला सचिव, अनुराग सिंह युवा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह युवा सचिव महासभा के पूर्व महासचिव विष्णु बघेल, उप समिति दुर्ग उत्तर के अध्यक्ष हरनारायण सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सर्वप्रथम विवाह मंडप में पंडित जी द्वारा साकोचर मंत्र के बाद पांचों वर-वधु के मंडप में जाकर महासभा के सभी पदाधिकारी महासभा वर वधु को आशीर्वाद प्रदान कीए और महासभा अध्यक्ष द्वारा महासभा की ओर से गिफ्ट प्रदान किए गए। तत्पश्चात महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण, पूजा पाठ कर मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन हुआ। पुनीत कार्य के लिए मुख्यअतिथि केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने उप समिति दुर्ग के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, सचिव दीपक सिंह राजपूत, महिला अध्यक्ष बिंदु भुवाल, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत, महिला सचिव गीता राजपूत, युवा अध्यक्ष आयुष राजपूत, युवा सचिव अनिकेत सिंह राजपूत, सह सचिव रोशन सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश सिंह तथा दुर्ग के सभी पदाधिकारी को गरिमामई कार्यक्रम एवं अच्छी भोजन व्यवस्था हेतु बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। आदर्श सामूहिक विवाह में 3 कन्या पक्ष के आवेदन पर महासभा, ठा. सत्येन्द्र राजपूत, सहसचिव महासभा, ठा. वीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष जगदलपुर की ओर से एक, एक कन्या पक्ष का पंजीयन शुल्क प्रदान किया गया। वहीं महासभा अध्यक्ष ठा.बजरंग सिंह बैस ने व्यक्तिगत स्नेह भेट, ठा. हीरा सिंह पंवार, कांकेर द्वारा सभी जोड़ो को 11, 11 सौ रुपए एवं श्रुति राजपूत एवे अनिमेष राजपूत की ओर से सभी जोड़ो को उपहार स्नेह उपहार प्रदान कि उप समिति भिलाई के युवा अध्यक्ष दीपक सिंह द्वारा भी व्यक्तिगत स्नेह भेंट किया। जानकारी मिडिया प्रभारी ठा आदर्श सिहं ने दी।

# कर्म की खेती में जो बोएंगे वही मिलने वाला हैं, अपने कर्मो को श्रेष्ठ रखें - सत्येंद्र साहेब

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोटराभाठा (बजरंग चौक) में आमीन माता महिला समूह एवं समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह एवं सात्विक चौका का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य प्रवचनकर्ता धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब, गिरवर साहेब ने सात्विक चौका आरती किया और प्रवचन में कहा कि अंत भला तो सब भला, कर्म का फल सभी को भोगना पड़ता है सत्येंद्र साहब ने आमीन माता महिला मंडल का नाम आमीन माता महिला मंडल क्यों पड़ा इस विषय पर सत्संग प्रवचन में बताया कि सदगुरु कबीर दास साहेब का शिष्य था धर्मदास जिसका नाम जुडावन दास भी था उसकी धर्मपत्नी का नाम आमीन माता थी इसी वजह से कबीरपंथी में आमीन माता महिला मंडल समिति का गठन गांव गांव में किया गया है। सत्येंद्र साहेब ने कहा कि कर्म का फल सभी को भोगना पड़ता है कर्म को कभी बदला नहीं जा सकता कर्म का ऐसा विधान है कि भगवान रामचंद्र जी को राज्य अभिषेक की तैयारी चल रही थी और सुबह उन्हें 14 वर्षों के लिए वनवास जाना पड़ा उन्होंने कहा कि अपने कर्मों को श्रेष्ठ रखे, कर्म फल निश्चित रूप से मिलता है।



आमीन माता महिला समूह ने सत्येंद्र साहेब को किया सम्मानित

भाग्य नहीं बदलता है कोई भी आपका भाग्य नहीं बदल सकता कर्म हमारे अच्छे हैं तो घर में मथुरा काशी है। हम अपने भाग्य को स्वयं बदल सकते हैं, कबीर कमाई पेड़ लगाए बबुल के तो आम कहां से पाए, जैसा कर्म होगा वैसा ही फल मिलता है। कर्म की खेती में जो बोएंगे वही मिलने वाले हैं हम अपने भाग्य के स्वयं निर्माता है।

सत्येंद्र साहेब ने आगे कहा कि गुरु आपको केवल मार्गदर्शन देते है वह मार्ग बता सकते हैं कोई भी आपका भाग्य नहीं बदल सकता है आप गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर आप अपना भाग्य बदल सकते हैं इसलिए अपने जीवन में श्रेष्ठ कर्म करें और गुरु के अनुसार आचरण करें। सत्येंद्र साहेब को आमीन माता महिला मंडल ने सम्मानित किया और श्री साहेब ने आमीन माता की महिला मंडल को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया और उनके समिति की बधाई दी।

इस अवसर पर आमीन माता महिला समिति अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, सोनिया साहू, मुकेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, गुणेश्वरी साहू, ज्ञान साहू, पार्वती साहू, घसनीन, हेमिन, भेख बाई, अनुराधा साहू, यशवंत साहू, जीवन साहू, भूषण साहू, संतराम, पुष्पा, मुकेश्वरी, धनेश्वरी, परमेश्वरी, सुशीला, गायत्री, कमला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद है। कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए आमीन माता महिला समिति के अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू ने आभार प्रगट किया।

# कुमारी तृप्ति भारद्वाज का सुयश



अंबागढ़ चौकी (दावा)। कौड़ीकसा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कुमारी तृप्ति भारद्वाज 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 94.33 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण हुई है। इस उपलब्धि से तृप्ति के माता निरुपमा व पिता कमल भारद्वाज बेहद प्रसन्न है। प्राचार्य श्रीमती बीना साहा ने तृप्ति को बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मेधावी तृप्ति की उपलब्धि से न केवल स्कूल का बल्कि ग्राम और परिवार का भी नाम रोशन हुआ है।

# दपूम रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मण्डल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं रेल परिसर रेलवे कॉलोनियों में प्रत्येक दिनों थीम के अनुसार जागरूकता, संवाद और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनका उद्देश्य जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण को प्रोत्साहित करना था।

इसी क्रम में आज दिनांक 09 जून को नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशन में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर.1 की क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती धन्यश्री पाटिल तथा उप.क्षेत्रीय अधिकारी नागपुर.1 की श्रीमती शीतल उधाड़े (फील्ड ऑफिसर) के साथ मंडल के अधिकारीयों/कर्मियों/स्टेशन मेनेजर के सहयोग से एक संयुक्त पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कई गतिविधियाँ की गई।

रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई, जिसमें प्लास्टिक के उपयोग को कम करने एवं हरित पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया गया। यात्रियों को कपड़े के थैले वितरित किए गए, जिससे प्लास्टिक बैग्स के उपयोग में कमी लाई जा सके। कुल 1230 कपड़े के थैले वितरित किए गए। रेलवे स्टेशन के खानपान स्टॉल संचालकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जागरूक किया गया। उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने और वैकल्पिक उपाय अपनाने की सलाह दी गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाना तथा आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

# कला साधना की तपस्थली इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कला की नई क्रांति

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ नृत्य, संगीत एवं ललित कला के क्षेत्र में एशिया का एकमात्र विशिष्ट विश्वविद्यालय है। यह संस्थान विद्यार्थियों के लिए एक समग्र, शोधोन्मुख एवं विद्यार्थी-केंद्रित वातावरण तैयार कर, उनकी रचनात्मक क्षमता को जागृत करने और कला की गहराइयों से परिचित कराने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। विश्वविद्यालय के द्वारा प्रारम्भिक रूप से सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा स्तर से कला के क्षेत्र में शोधात्मक स्तर तक पारंगत कर कला रसिकों को कला के उच्चतम शिखर पर स्थापित कर रहा है। छ.ग. शासन द्वारा भी इस विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।। में भारत के अतिरिक्त अन्य कई देशों के विदेशी विद्यार्थियों द्वारा भी इस विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु वर्ष प्रतिवर्ष बढ़-चढ़कर आवेदन किए जा रहें है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 700 से अधिक पुरस्कार प्राप्त किए गए हैं। हाल ही में यूथ फेस्टिवल में संगीत विश्वविद्यालय द्वारा चैंपियनशिप ट्राफी प्राप्त किया गया है। इस विश्वविद्यालय को सभी कला साधकों एवं समुदाय के लिए एक तीर्थस्थल के रूप में स्थापित किया गया है, जहाँ परंपरा एवं नवाचार साथ-साथ प्रगति कर रहें हैं।

विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। उज्जवल कलात्मक यात्रा आपके कदमों में! अधिक जानकारी एवं आवेदन संबंधी विवरण के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.iksv.ac.in पर जाकर लाभ उठा सकते है और कला एवं संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते है।।

## विश्वविद्यालय की अनोखी विशेषताएँ

रचनात्मकता का मुक्त मंच- यहां छात्रों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा मनोहारी प्राकृतिक वातावरण में तनावरहित शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे पर उनकी कला में गहराई एवं शोध का समागम होता है। नृत्य, संगीत, ड्रामा एवं ललित कला के साथ-साथ अन्य विषयों की भी व्यापक जानकारी दी जा रही है, जिससे छात्रों का बौद्धिक विकास सुनिश्चित हो रहा है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य शुद्ध अंतःकरण एवं बाधा रहित प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ कला साधकों को ज्ञान के नए आयामों तथा कला की सच्ची भावना से परिचित कराना है।।



रचनात्मकता की नई उड़ान, एनईपी 2020 के मिले नए पंख, विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य का आरंभ

### सुनहरे भविष्य का आमंत्रण

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान है बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ छात्र अपनी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर कर, कला के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहे हैं। यह सटीक और सुनियोजित प्रक्रिया छात्रों को स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती है, जिससे वे अपने कला एवं संगीत के सपनों को सफलता के पथ पर अग्रसर कर सकें। कोई भी कला साधक संगीत, ललित कला एवं साहित्य में अपना भविष्य संवारना चाहते है, तो यह आवश्यक है कि वह इस अद्वितीय शिक्षण संस्थान का हिस्सा बनें और अपने सपनों को पंख लगाएं।

## संगीत विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम

0 पाठ्यक्रम की विविधताः कला के अनेक आयाम
स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमशः बी.पी.ए. एवं एम.पी.ए पाठ्यक्रमः- हिन्दुस्तानी गायन, हिन्दुस्तानी वायलिन, सितार, सरोद, तबला, कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, लोकसंगीत, नाटक।
0 स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमशः बी.एफ.ए एवं एम.एफ.ए. पाठ्यक्रमः चित्रकला, मूर्तिकला एवं छापा चित्रकला (ग्राफिक्स)।
0 बी.वोकः टेक्सटाइल डिजाईन एवं अपैरल डिजाईन।
स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमशः बी.ए एवं एम. ए. पाठ्यक्रमः संस्कृत साहित्य, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य एवं प्राचीन भारत का इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व।
0 इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों के विस्तार हेतु इतने सारे विषयों में पीएचडी की भी सुविधा है एवं डी.लिट् की सुविधा प्रदान करने वाला संभवतः भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय भी है।
0 प्रवेश प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण तिथियाँ- ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 2025-26
0 पंजीयन अवधिः 20 मई 2025 से 16 जून
0 प्रथम अभिरुचि परीक्षा- 24 से 27 जून 2025
0 चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी होगीः 30 जून 2025
0 प्रवेश शुल्क जमा करने की अवधिः 01 से 10 जुलाई 2025
0 द्वितीय अभिरुचि परीक्षाः 22 से 24 जुलाई 2025
0 चयन सूची जारी होगीः 25 जुलाई 2025

# हादसा: खैरागढ़ ओवरब्रिज ने ली एक और जान, बुजुर्ग महिला की वाहन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत

### ओवर ब्रिज में आए दिन हो रहे जानलेवा हादसे को लेकर लोगों का गुस्सा फूटा, की नारेबाजी

### चिखली वार्ड पार्षद सुनील साहू की मां लीला बाई की मौत से वार्ड में मातम पसरा



राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ रोड स्थित ओवर ब्रिज ने मंगलवार को एक और जान ले ली। चिखली की ओर से अपने बेटे युवराज के साथ बाइक में बैठकर शहर की ओर आ रही लगभग 65 वर्षीय महिला लीला बाई का अचानक गाड़ी का बैलेंस बिगड़ने से गिर जाने से पीछे से आ रही मिक्सचर मशीन वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान महिला का सिर वाहन के चक्के मे आने से कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

घटना मंगलवार की सुबह 10:30 बजे की बताई जाती है। उक्त बुजुर्ग महिला बुजुर्ग महिला चिखली वार्ड पार्षद सुनील साहू की माता जी थी। उसके दर्दनाक मौत से चिखली वार्ड में मातम पसर गया है।

बताते चलें कि खैरागढ़ रोड स्थित उक्त रेलवे ओवर ब्रिज आए दिन किसी न किसी का जान ले रही हैं। स्टेशन पारा रेल्वे फाटक की ओर से अंडर ब्रिज बनाए जाने का काम शुरू होने से उक्त ओवर ब्रिज में ट्रैफिक का काफी लोड बढ़ गया है। चूंकि अंडर ब्रिज का काम ठीक से नहीं चलने के कारण ओवर ब्रिज में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जिसके चलते अभी तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले दिनों ओवर ब्रिज में हादसों को रोकने बीच में रस्सी की डिवायडर लगाकर आवागमन सुरक्षा पूर्ण बनाने की कोशिश की गई थी। लेकिन वाहनों के रफ्तार में अंकुश नहीं लग पाया था जिसके चलते उक्त ओवर ब्रिज में मंगलवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला को अपने जान से हाथ धोनी पड़ी।

#### चिखली वार्ड में पसरा मातम

बता दें कि ओवर ब्रिज में जानलेवा हादसे का शिकार हुई उक्त बुजुर्ग महिला चिखली वार्ड पार्षद सुनील साहू की माता लीला बाई पति स्व0 गिरधारी राम साहू थी जो अपने छोटे बेटे युवराज के साथ बाइक में बैठकर शहर की ओर आ रही है। सुबह के समय ब्रिज में ज्यादातर ड्यूटी जाने वालो की भीड़ रहती है। इस दौरान बाइक के सामने किसी सायकल सवार के आ जाने से उसे बचाते वक्त गाड़ी थोड़ी लहरा गई जिससे उक्त महिला के गिरते ही पीछे से तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्ण वाहन चलाते आ रहे मिक्शचर वाहन चालक ने उसे रौंद डाला। इससे उक्त महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पार्षद की माता के दर्दनाक निधन से वार्ड में मातम पसर गया। पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंपे जाने पश्चात उसके अंतिम संस्कार हेतु स्थानीय मुक्तिधाम में ले जाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, ननि सभापति पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद सतीश मसीह, राजेश जैन राणु आदि सहित बड़ी संख्या में बीजेपी पार्षद व वार्ड के गणमान्य नागरिकजन उपस्थित थे जिनके द्वारा मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बताया जाता है कि खैरागढ़ रोड वाली उक्त रेलवे ब्रिज में घटना के होते ही लोगों की भीड़ लग गई। इससे वहां लंबा जाम लग गया। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने लापरवाह मिक्सचर मशीन वाहन चालक के खिलाफ जमकर नारे लगाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं स्टेशन पारा अंडर ब्रिज के निर्माण में हो रही बेवजह देरी को लेकर रेल्वे प्रशासन व स्थानीय नेताओं के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। थाना चौकी चिखली प्रभारी उमेश बघेल ने बताया कि दोषी ड्राइवर को धारा 281, 106 (1) के तहत हिरासत में ले लिया गया है वहीं मिक्सचर मशीन वाहन क्र. सीजी 07 सीबी-0528 को चौकी चिखली थाने में लाकर खड़ा कर दिया गया है।

# प्रशासन ने नलकूप खनन में लगे प्रतिबंध को हटाया



राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा नलकूप खनन में लगे प्रतिबंध को आज तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बता दें कि भू-जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न पेयजल समस्या के कारण जलस्तर में कमी की स्थिति और ज्यादा विकराल रूप लेने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 35/स्टेनो/पेय. परि.अधि/दिनांक 20 मार्च 2025 द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1980 (क्रमांक-3) 1987 लागू कर संपूर्ण जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। भाजपा नेता टोमन साहू के विशेष मांग पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की पहल पर वर्तमान में कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल हेतु उपयोग किये जा रहे मोटर पंपों से सिंचाई बंद करने तथा विगत दिनों बारिश होने के कारण भू-जल स्तर में गिरावट परिलक्षित नहीं हुई है। अतः जिले में लागू पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1980 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 06 के अंतर्गत जिले में नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटाया जाता है।

कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के आदेश आज से ही जिले में तत्काल प्रभावशील होगा। लोग अब पानी की जरूरत होने पर बोर बोरिंग नलकूप आदि का खनन करवा सकते हैं।

# पानी बचाओ महा अभियान के लिए आज शहर में जल यात्रा

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में गांधी सभागृह में होगा जल यात्रा का समापन

### महापौर ने गायत्री मंदिर के पास से आयोजित जल यात्रा में शामिल होने नागरिकों से की अपील



राजनांदगांव (दावा)। पृथ्वी में हो रही जल की कमी को देखते हुए जिले में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में कल 11 जून बुधवार को राजनांदगांव शहर में नगर निगम द्वारा जल यात्रा निकाली जायेगी। उक्त जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में गायत्री मंदिर के पास से दोपहर 2:30 बजे निकलेगी यात्रा का समापन गांधी सभागृह मे होगा। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह जल बचाओ अभियान में शामिल होगे। अभियान में सांसद संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगे।

कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ ताजे पानी की मात्रा दिन-प्रतिदिन घटती ही जा रही है। पानी के कमी के कारण विश्व भर में सूखा, कई तरह की बीमारियां, प्राकृतिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है, परन्तु इस विषय की सबसे दुखद बात यह है कि लोग अभी भी जल संरक्षण के महत्व को लेकर पूर्ण रुप से जागरुक नही हो रहे है। जिसे ध्यान मे रखकर जल संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता लाने जिले भर में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। शहर के लोगों को अभियान से जोड़ने कल दिनांक 11 जून बुधवार को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर से जल यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गायत्री मंदिर से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुँचेगी।

महापौर श्री यादव ने बताया कि जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में महिला समूह की महिलाएं कलश एवं जल के महत्व को बताते तक्ती लेकर नगरवासियों से अभियान में जुड़ने अपील करेगे। उन्होंने कहा कि जल यात्रा के समापन अवसर पर 4 बजे गांधी सभागृह में विधानसभा अध्यक्ष एवं हमारे विधायक डॉ. रमन सिह तथा सांसद संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। उन्होंने जल बचाओ महा अभियान में कल 11 जून को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर के पास आयोजित जल यात्रा में पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं एवं महिलाओं से उपस्थिति की अपील की है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राशन दुकान का चावल पहुंच रहा है किराना दुकान व मिलों में

### लखोली क्षेत्र में फिर पकड़ाया राशन दुकान का चांवल, जमकर हो रही कालाबाजारी



राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों लखोली नाका क्षेत्र में छोटा हाथी वाहन में भर कर ले जा रहे चांवल को कोतवाली पुलिस ने जब्त किया था। अब लखोली क्षेत्र में फिर से राशन दुकान के चांवल को पकड़ने में सफलता मिली है। बताया जाता है कि उक्त चांवल लखोली वार्ड नं 36 की है। छापेमारी में जहां उक्त 32 बोरी चांवल को जब्त कर लिया गया है वहीं राशन दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि अभी तक शहर के दो-तीन स्थानों चांवल की जब्ती की जा चुकी है। लखोली वार्ड नं. 36के अंतर्गत आने वाले एक राशन दुकान से 32 बोरी चावल को अन्यत्र ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने पर उक्त चांवल की जब्ती कर ली गई है।

लखोली वार्ड नं 36 के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने बताया कि उसे चांवल की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर वार्ड के एक मकान में दबिश दी जहां पर 16-16 किलो के दो बोरी पकड़े गए। यह चांवल कहा से लाया गया इसकी पड़ताल की जा रही है।

#### कालाबाजारी रोकने चांवल के साथ आधा गेंहू भी दिया जाए

बताते चलें कि राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण के साथ चावल की जमकर कालाबाजारी हो रही है। इस बार तो सरकार द्वारा तीन महीने का चांवल एक साथ दे दिए जाने से हितग्राही उसे बेचने को तैयार हैं। बताया जाता है कि ऐसे हितग्राहियों से स्वयं राशन दुकान कम दामों में खरीद लेते हैं और उसे मिलों के पास या थोक अनाज दुकान अथवा किराना दुकान वालों के पास अच्छे दामों में खपा देते है। यही नहीं हितग्राही भी इतनी ज्यादा मात्रा में दिए जा रहे चांवल को रखने की परेशानी को देखते हुए स्वयं ही किराना दुकान या अनाज दुकान वालों के पास बेच दे रहे। लोगों का कहना है कि सरकार इतनी ज्यादा मात्रा में चांवल देने के बजाय इसका आधा गेहूं भी दे। इससे चांवल की अवैध बिक्री पर रोक लगेगी। लोगों का कहना है कि ज्यादातर लोगों के मलेरिया टाईफाइड से ग्रसित होने पर डाक्टर उन्हें रोटी खाने का सलाह देती है। इसके चलते कम हैसियत वाले लोगों को बाहर से गेहूं खरीदना मजबूरी हो जाती है। कई लोग एक टाइम रोटी व एक टाइम चांवल खाते है इन लोगों के लिए राशन दुकान में गेहूं मिलना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। अतः हितग्राहियों को चांवल कम कर उन्हें गेहूं प्रदान किए जाने से खाद्यान्न की कालाबाजारी रुक सकती है।






# सोमनी थाना क्षेत्र में मिली अज्ञात बुजुर्ग की लाश, पता साजी में जुटी पुलिस



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में पुलिस को एक अज्ञात बुजुर्ग की लाश मिली है। सोमनी के जियो पेट्रोल पंप के पास उक्त लाश मिलने से आसपास में सनसनी फ़ैल गई। लोगों की सूचना पर मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी में रखा गया है। सोमनी थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 65-70 वर्ष मृत हालत में सोमनी जियो पेट्रोल पम्प के पास मिला हैं।, हालांकि मृतक की मृत्यु अज्ञात कारण से होना माना जा रहा है किन्तु थाना प्रभारी श्री देवांगन ने बताया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति की मौत स्वाभाविक ढंग से होना लग रही हैं। फिर भी इस संबंध में जांच जारी है। पोस्टमार्टम पश्चात उसकी मृत्यु के संबंध में सही जानकारी मिल सकेगी। जब तक उसके शव को सीएचसी सोमनी में रखा गया है। उन्होंने कहा है कि मृतक के पहचान के सम्बंध में किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर थाना सोमनी के मोबाइल नंबर 9479192115 में सूचित करने का कष्ट करें।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है।
*अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।*
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com